• जयपुर, मंगलवार 20 जनवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 143 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 नागौर पशु मेले की पहचान दूर दराज तक : जिला कलक्टर...
पेज @4 वसंत पंचमी पर शिक्षा में सहभागिता का नया कीर्तिमान रचने की ओर ....
पेज @8 कांग्रेस ने राजस्थान में एसआईआर में हो रहे फर्जीवाड़े को लेकर किए....

न्यूज़ अपडेट

## पश्चिम बंगाल : पुरुलिया में नाबालिग से गैंगरेप के आरोप में 7 गिरफ्तार

**कोलकाता/एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और गैंगरेप के मामले में 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफेंसेस एक्ट, 2012 (पोक्सो) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस और परिवार के सूत्रों के अनुसार, किशोरी पुरुलिया शहर की रहने वाली है। शुक्रवार शाम 17 साल की लड×की एक दोस्त के घर जाने के लिए अपने घर से निकली। जब रात होने के बाद भी वह घर नहीं लौटी, तो परिवार को उसकी चिंता होने लगी। आखिरकार, लड×की के पिता ने पुरुलिया सदर पुलिस स्टेशन में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने पर पुलिस ने तुरंत जांच शुरू की।

## सुप्रीम कोर्ट ने अविमुक्तेश्वरानंद को शंकराचार्य का प्रोटोकॉल देने पर लगायी है रोक- कमिश्नर

**प्रयागराज/एजेंसी।** मौनी अमावस्या पर संगम नोज पर हुए विवाद को लेकर रविवार को प्रयागराज के पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने विस्तार से अपनी बात रखी। मेला प्राधिकरण कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कहा कि स्नान से कि सी को नहीं रोका गया और यह महज भ्रम फैलाया गया। जो भी किया गया, वह नियमों के मुताबिक व करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया गया। यह भी स्पष्ट किया कि जो भी स्नान करना चाहता है, वह आए लेकिन जो व्यवस्था बनाई गई है, उसका पालन करना होगा।

अफसरों ने कहा है स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने पूर्व में कोई सूचना नहीं दी थी। एक दिन पहले उन्होंने दो वाहनों की अनुमति, सुरक्षा व व्यवस्था की डिमांड की थी, जिस पर उनको स्पष्ट रूप से मना कर दिया गया था। कि यह स्नान पर्व है इसमें कोई प्रोटोकॉल किसी को उपलब्ध नहीं कराया जाता। बावजूद इसके त्रिवेणी पीपा पुल, जिसे इमरजेंसी स्थिति के लिए ओपेन होता है, उस पर सैकड़ों अनुयायियों के साथ आए और बैरियर तोड़ दिया। वहां पर उनसे अनुरोध किया गया।

## कुलदीप सिंह सेंगर को झटका, हिरासत में मौत मामले में सजा निलंबित करने से हाईकोर्ट का इनकार

**नई दिल्ली/एजेंसी।** वर्ष 2017 में उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की पुलिस हिरासत में मौत मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को निलंबित करने की मांग वाली पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका को दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट में सोमवार (19 जनवरी) को सजा को निलंबित करने से इनकार कर दिया।

भाजपा में 'नबीन' युग की शुरुआत

# नितिन नबीन चुने गये राष्ट्रीय अध्यक्ष, औपचारिक घोषणा आज

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को पार्टी के अध्यक्ष पद के चुनाव में निर्विरोध निर्वाचित हो गये। चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण ने इस चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच के बाद एक विज्ञप्ति में घोषणा की कि इस पद के लिए केवल एक प्रत्याशी श्री नबीन के ही पर्चे प्राप्त हुए जो वैध पाये गये। श्री नबीन के मंगलवार को औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालने की संभावना है।



श्री नबीन के पक्ष में नामांकन पत्र के 37 सेट जमा किये गये थे, जो जांच के उपरांत वैध पाये गये।

डॉ. लक्ष्मण के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया 36 प्रदेशों में से 30 प्रदेशों में पार्टी अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात प्रारंभ की गयी, जो न्यूनतम आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक है। निर्वाचन कार्यक्रम 16 जनवरी को जारी किया गया था। नामांकन के लिए आज अपराह्न दो बजे से शाम चार बजे तक का समय निर्धारित किया गया था और शाम चार से पांच बजे के बीच नाम वापस लेने का समय था।

श्री नबीन को गत 14 दिसंबर को कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने कार्यवाहक अध्यक्ष बनाये जाने के बाद 16 दिसंबर को बिहार मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। वर्तमान में वह बिहार विधानसभा में बांकीपुर सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

### बाबूलाल मरांडी ने दी अग्रिम शुभकामनाएं

झारखंड भाजपा के पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा एक कैडर आधारित पार्टी है, जहां एक साधारण कार्यकर्ता भी सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने नितिन नबीन को जीत की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी और अधिक मजबूत होगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा की स्थापना 1980 में हुई थी और अब तक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कुशाभाऊ ठाकरे, बंगारू लक्ष्मण, के. जनाकृष्णमूर्ति, एम. वेंकैया नायडू, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह इस पद पर रह चुके हैं। जेपी नड्डा मौजूद अध्यक्ष हैं।

समाज के वंचित तबके को रियायती ऋण देकर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बना रही राज्य सरकार

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशील पहल से हो रहा आर्थिक सशक्तीकरण

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा वंचित वर्गों के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार इन वर्गों के लिए स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में अनेक कार्यक्रम संचालित कर रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बन सके। अंत्योदय की भावना को केंद्र में रखकर राज्य सरकार नीतियों एवं योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है, ताकि विकसित, समावेशी एवं सशक्त राजस्थान बनने की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ा जा सके।

इसी दिशा में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधीन राजस्थान अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड ने उल्लेखनीय पहल की है। निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी एवं दिव्यांगजनों के 1 हजार 381 लाभार्थियों को लगभग 20 करोड़ रुपये के रियायती ब्याज पर ऋण स्वीकृत किए गए हैं। इससे इन्हें स्वरोजगार के नए अवसर मिल सकेंगे।

मुख्यमंत्री की दूरदर्शी सोच और इस योजना का उद्देश्य लाभार्थियों को स्वरोजगार, व्यवसाय विस्तार और शिक्षा के लिए वित्तीय सहयोग प्रदान करना है, जिससे वे रोजगार प्रदाता बन सके। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगजन एवं सफाई कर्मियों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।



### विभिन्न वर्गों को मिला ऋण का लाभ

राज्य सरकार द्वारा जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं का क्रियान्वयन लाभार्थियों तक समयबद्ध किया जा रहा है। इसी के तहत निगम द्वारा गत वर्ष अनुसूचित जाति के 671 लाभार्थियों को लगभग 7.52 करोड़ रुपये, अनुसूचित जनजाति के 325 लाभार्थियों को लगभग 3.25 करोड़ रुपये, सफाई कर्मियों के 106 लाभार्थियों को लगभग 3.81 करोड़ रुपये तथा 51 दिव्यांगजनों को 58.08 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है। विभिन्न वर्गों के पात्र लाभार्थियों को लगभग 20 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया है।

### 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूर्ण

मुख्यमंत्री के संवेदनशील नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भी ऑनलाइन ऋण आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। निर्धारित लक्ष्य 3 हजार 470 के मुकाबले 15 हजार 635 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जो योजना के प्रति आमजन के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनवरी 2026 के दौरान जिला स्तरीय ऋण चयन समितियों द्वारा जिलेवार साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। चयनित आवेदकों द्वारा आवश्यक दस्तावेज पूरे करने के बाद डीबीटी के माध्यम से ऋण राशि सीधे उनके खातों में पहुंच जाएंगी।

### बैंकों के माध्यम से भी ऋण स्वीकृति

अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के माध्यम से भी ऋण स्वीकृत कराया जा रहा है। इसमें लक्ष्य 3 हजार 400 के विरुद्ध अब तक 2 हजार 670 व्यक्तियों को विभिन्न बैंकों से ऋण स्वीकृत कराया जा चुका है। प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के तहत पात्र व्यक्तियों को प्रोजेक्ट लागत का 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 50 हजार रुपये (जो भी कम हो) अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए 452 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री के प्रभावी नेतृत्व में प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना को आत्मसात करते हुए हर जरूरतमंद तबके के साथ खड़ी है। राज्य सरकार उन्हें आर्थिक संबल प्रदान कर आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लक्ष्य की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

स्पेन में भीषण रेल हादसा

## दो हाई-स्पीड ट्रेनों में भिड़ंत, 21 की मौत, 30 लोग घायल



एजेंसी

**मैड्रिड (स्पेन)।** स्पेन के एडामूज (कोडोर्बा) में तेज गति से चलने वाली दो यात्री रेलगाड़ियां (हाई-स्पीड ट्रेनों) पटरी से उतर गईं। इस हादसे में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों यात्री घायल हो गए। इनमें 30 की हालत गंभीर है। पहले एक ट्रेन पटरी से उतरकर एम्बुलेंस से टकराई और उसके कई डिब्बे अलग हो गए। मरने वालों में दूसरी ट्रेन का ड्राइवर भी है। यह हादसा रविवार देररात हुआ। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

स्पेन में सबसे ज्यादा पढ़े जाने वाले समाचार पत्र 'एल पैइस' की रिपोर्ट के अनुसार, यह जानकारी गार्डिया सिविल और 112 अंडालूजा के सूत्रों ने दी। सूत्रों के अनुसार, मालागा से मैड्रिड जा रही एक ट्रेन पटरी से उतर गई और 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से विपरीत दिशा में हुएलवा की ओर जा रही अल्विया ट्रेन के रास्ते में आ गई। हादसे के वक्त दोनों ट्रेनों में 484 यात्री सवार थे।

रेलमंत्री ऑस्कर पुएंते ने कहा है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। उन्होंने बताया कि इरियो कंपनी की ट्रेन 18:40 बजे मालागा से पुएर्टा डे एटोचा (मैड्रिड) के लिए निकली थी। हादसा 19:39 बजे अदमूज में हुआ। इस ट्रेन के छह डिब्बे पटरी से उतर गए और अल्विया (मैड्रिड-हुएलवा) के ट्रैक पर आ गए। इसी समय समानांतर रूप से 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दूसरी ट्रेन आ गई। दूसरी ट्रेन से टक्कर के बाद वह बेपटरी हो गई। रेलमंत्री ने रात साढ़े 12 बजे संवाददाता सम्मेलन में कहा कि डिब्बों में फंसे सभी लोगों को बचा लिया गया है। हादसे की जांच स्वतंत्र आयोग करेगा। राजधानी और कॉडोर्बा, सेविले, मालागा और हुएलवा के बीच ट्रेनों की आवाजाही सोमवार को निलंबित रहेगी।

## पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट से हटाए गए 1.25 करोड़ नाम सार्वजनिक करे चुनाव आयोग : सुप्रीम कोर्ट


**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य के सवा करोड़ से ज्यादा मतदाताओं की 'तार्किक विसंगति' सूची को सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह सूची ग्राम पंचायत भवनों, तालुका स्तर के ब्लॉक कार्यालयों और और वार्ड कार्यालयों में लगाई जाए, ताकि आम लोग इसे आसानी से देख सकें। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ किया कि यह विसंगतियां मुख्य रूप से 2002 की मतदाता सूची से वंश (प्रोजेनी) मिलान के दौरान सामने आई हैं। इसमें मतदाता और उसके माता-पिता के नाम में मेल न होना, मतदाता और उसके माता-पिता की उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा होना जैसे प्रावधान शामिल है। कोर्ट ने कहा कि जिन लोगों के नाम एसआईआर की क्रिया से प्रभावित हो सकते हैं, उन्हें अपने दस्तावेज और आपत्तियां दर्ज कराने का पूरा अवसर दिया जाए।

भारत ने पोलैंड के पाकिस्तान के साथ रिश्तों पर जताया एतराज

# आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाये पोलैंड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने पोलैंड से आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाने का आग्रह करते हुए कहा है कि उसे भारत के पड़ोस में आतंकवादी ढांचों को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं देनी चाहिए। डा. जयशंकर ने भारत यात्रा पर आये पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की के साथ सोमवार को यहां वार्ता के दौरान प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि पोलैंड इस क्षेत्र के लिए कोई



अजनबी नहीं हैं और वह सीमा-पार आतंकवाद की लंबे समय से चली आ रही चुनौती से भली-भांति परिचित हैं। उन्होंने कहा कि पोलैंड को आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनानी चाहिए और हमारे पड़ोस में आतंकवादी ढांचे को किसी भी प्रकार से सहायता नहीं करनी चाहिए। विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों की बातचीत में क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा स्वाभाविक रूप से शामिल होगी। विशेष रूप से अपने-अपने पड़ोस के संबंध में आकलनों का आदान-प्रदान उपयोगी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह यूक्रेन संघर्ष और उसके प्रभावों पर भारत के विचार पहले भी स्पष्ट रूप से साझा कर चुके हैं और उन्होंने जोर देकर कहा है कि चुनकर भारत को निशाना बनाना न केवल अनुचित बल्कि अन्यायपूर्ण भी है। विदेश मंत्री ने कहा कि वह आज एक बार फिर इस बात को दोहरा रहे हैं।

### भारत-पोलैंड ने आर्थिक, रक्षा, माइनिंग समेत बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ाने पर की चर्चा

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और पोलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री राडोस्लाव सिकोरस्की के बीच आज दिल्ली के हैदराबाद हाउस में बैठक हुई। इसमें द्विपक्षीय संबंधों और वैश्विक घटनाक्रम पर बातचीत हुई। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि दोनों विदेश मंत्रियों ने अपने आर्थिक, टेक्नोलॉजी, रक्षा, माइनिंग, लोगों से लोगों के संबंध और बहुपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। मजबूत भारत-ईयू संबंधों के लिए पोलैंड के समर्थन की सराहना करते हैं।


'साइबरटेक ग्लोबल तेल अवीव-2026' > इजराइल में दिखेगी यूपी की साइबर सुरक्षा पॉवर, भारत से जाएंगे दो दिग्गज

# साइबर टेक्नोलॉजी समझाएंगे उत्तर प्रदेश के दो साइबर सुपर कॉप

एजेंसी

**लखनऊ।** दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित साइबर सुरक्षा मंचों में शुमार 'साइबरटेक ग्लोबल तेल अवीव-2026' में इस बार भारत और विशेष तौर पर उत्तर प्रदेश की साइबर ताकत पूरी दुनिया के सामने होगी। इजराइल के तेल अवीव शहर में 26 से 28 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में यूपी के साइबर सिंघम वैश्विक मंच पर भारत की साइबर सुरक्षा क्षमता, तकनीक व अनुभव साझा करेंगे। सम्मेलन में भारत से दो दिग्गज चीफ मेंटर के रूप में शामिल हो रहे हैं। इनमें भारत सरकार के पूर्व राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक माधवन उन्नीकृष्णन नायर और उत्तर प्रदेश से एशिया के साइबर कॉप कहे जाने वाले प्रो. त्रिवेणी सिंह शामिल हैं। दोनों विशेषज्ञ दुनिया के शीर्ष साइबर वैज्ञानिकों व नीति निर्माताओं के समक्ष साइबर सुरक्षा की बारीकियां और अपनाई जा रही तकनीक को प्रस्तुत करेंगे।

- इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ साइबर सिक्योरिटी सपोर्ट पर होगा फोकस
- साइबर सिक्योरिटी बिजनेस के लिए भारत में संभावनाएं तलाशेंगे दुनिया के दिग्गज वैज्ञानिक
- अमेरिका, यूरोप, एशिया से 20 देशों के साइबर एक्सपर्ट्स जुटेंगे सम्मेलन में




### कई देशों से आएंगे साइबर विशेषज्ञ

तेल अवीव में होने वाले इस वैश्विक जमावड़े में अमेरिका, जापान, स्पेन, इटली, इंग्लैंड, जर्मनी, साइप्रस, स्कॉटलैंड, वेल्स व उत्तरी आयरलैंड, रोमानिया, फिलीपींस, संयुक्त अरब अमीरात, बेल्जियम, लातविया, नीदरलैंड, अल्बानिया, उरुग्वे, हंगरी समेत अन्य देशों के दिग्गज जुटेंगे।

### मुख्यमंत्री योगी के विजन के अनुरूप चल रहा साइबर सेफ यूपी अभियान

उत्तर प्रदेश में साइबर सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार एआई व साइबर सिक्योरिटी को प्रशासनिक तथा शैक्षणिक ढांचे का अहम हिस्सा बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के दुरुपयोग, दुष्प्रचार, डीपफेक, डार्क वेब, साइबर अपराध और आतंकी नेटवर्क जैसी चुनौतियों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में प्रो. त्रिवेणी सिंह जागरूकता के लिए 'साइबर सेफ उत्तर प्रदेश' अभियान चला रहे हैं। अब इजराइल में 20 से अधिक देशों के बीच वह यूपी में साइबर सिक्योरिटी को लेकर किए जा रहे इनोवेटिव उपायों की जानकारी देंगे और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइबर सिक्योरिटी सपोर्ट पर चर्चा करेंगे।

### यूपी में टेक्नोलॉजी संबंधित अपराधों से निपटने का मजबूत सिस्टम समझेंगे अन्य देश

प्रो. त्रिवेणी सिंह अपने 25 वर्षों से अधिक के अनुभव के आधार पर बताएंगे कि किस तरह उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी और टेक्नोलॉजी आधारित अपराधों से निपटने के लिए मजबूत सिस्टम खड़ा किया है। वहीं, माधवन उन्नीकृष्णन नायर भारत के राष्ट्रीय साइबर फ्रेमवर्क और नीति अनुभव को वैश्विक मंच पर साझा करेंगे।

### साइबर सहयोग, टेक्नोलॉजी साझेदारी और बिजनेस पर होगा मंथन

सम्मेलन में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी प्रमुख वक्ता के रूप में शामिल होंगे। इस दौरान भारत और दुनिया के अन्य 20 देशों के बीच साइबर सिक्योरिटी सहयोग, टेक्नोलॉजी साझेदारी और साइबर बिजनेस की संभावनाओं पर भी व्यापक मंथन होगा।

### देश को भविष्य का ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी हब बनाने की दिशा में अहम कदम

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस सम्मेलन में अमेरिका से यूरोप और एशिया तक के साइबर एक्सपर्ट्स का जमावड़ा रहेगा। यह सम्मेलन भारत की साइबर शक्ति को वैश्विक पहचान दिलाने के साथ-साथ देश को भविष्य का ग्लोबल साइबर सिक्योरिटी हब बनाने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगा। इसमें भारत के लिए नए अवसर, साइबर सिक्योरिटी टेक्नोलॉजी, स्टार्टअप और बिजनेस संभावनाओं पर विशेष तौर पर चर्चा की जाएगी।

### प्रधानमंत्री ने युवा पीढ़ी को परिश्रम का दिया संदेश

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को एक प्रेरणादायक संस्कृत सुभाषित साझा कर देशवासियों खासतौर युवाओं को कर्म, परिश्रम और निरंतर प्रयास का संदेश दिया। इस सुभाषित के माध्यम से उन्होंने स्पष्ट किया कि जीवन में सफलता और समृद्धि केवल सक्रियता और पुरुषार्थ से ही प्राप्त होती है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में यह सुभाषित साझा किया- 'अनुत्थाने ध्रुवो नाशः प्राप्तस्यानागतस्य च। प्राप्यते फलमुत्थानाल्लभते चार्थसम्पदम्॥' इसका भावार्थ है कि उद्यम के अभाव में व्यक्ति न केवल भविष्य की संभावनाएं खो देता है, बल्कि अर्जित उपलब्धियां भी नष्ट हो जाती हैं। वहीं, निरंतर प्रयास और उत्थान से ही सफलता, फल और आर्थिक समृद्धि प्राप्त होती है। प्रधानमंत्री मोदी का यह संदेश विशेष रूप से युवाओं, श्रमिकों, उद्यमियों और राष्ट्र निर्माण में लगे प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनने तथा निरंतर कर्मशील रहने की प्रेरणा देता है।

# कबूतर बाजों के चक्कर में पैसा और जीवन गंवा रहे युवा

विदेश मे जाकर नौकरी रोजगार कर बेशुमार दौलत कमाने का सपना किसे अच्छा नही लगता है? हर कोई चाहता है कि वह अच्छे पैसे कमाए और बेहतर जीवन जीए। इसी आशा में अपने सुखद भविष्य के सपने संजोकर अनेक युवा किसी भी तरीके से विदेश पहुंचने की कोशिश करते रहते हैं परंतु उनमें से अनेक युवक जालसाज ट्रैवल एजेंटों के हाथों ठगी का शिकार हो रहे हैं जिनकी मात्र इसी महीने के 4 दिनों में सामने आई घटनाएं निम्न में दर्ज हैं :

14 जनवरी मेरठ शहर के आजाद चौक व कांधला क्षेत्र के छह युवकों को सिंगापुर और मलेशिया में मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी का झांसा देकर 26 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। यही नहीं, दो युवकों को फर्जी कागजात के आधार पर मलेशिया भेज दिया गया, जहां उन्हें 15 दिन तक बंधक बनाकर रखा गया। तीन जनवरी को दोनों युवक किसी तरह भारत लौटे। पीड़ितों ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसपी ने मामले की जांच शुरू करा दी है।

14 जनवरी नोएडा पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर युवाओं को ठगने और साइबर अपराधियों के हवाले करने वाले फर्जी एजेंट शुभम को गिरफ्तार किया है. आरोपी सोशल मीडिया के जरिए पीड़ितों से पैसे वसूल करता था और उन्हें थाईलैंड, म्यांमार में साइबर स्लेवरी में फंसा देता था. पुलिस आरोपी के नेटवर्क और अन्य सहयोगियों की गहन जांच कर रही है.

14 जनवरी को ही दुबई में फंसे उत्तराखंड रुद्रपुर के चार युवकों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर पुलिस से गुहार लगाई है. जिसके बाद एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने मामले की जांच सौंपते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं.

4 जनवरी, 2026 को 'सहारनपुर' (उत्तर प्रदेश) में एक एजेंट द्वारा विदेश जाने के इच्छुक युवक को अमरीका पहुंचाने का वायदा करके उससे 60 लाख रुपयों की ठगी करने का मामला सामने आया। शिकायतकर्त्ता के अनुसार पहले उसे दुबई ले जाया गया और वहां से अजरबैजान भेज दिया।

6 जनवरी को 'जम्मू' में 'अनिल किशोर' नामक एक पीड़ित ने एक ट्रैवल एजैंट मां–बेटे के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई कि आरोपियों ने उसे 'कम्बोडिया' का वर्क वीजा दिलाने के नाम पर उससे 1.20 लाख रुपए लिए थे परंतु न तो वीजा दिलवाया और न ही रकम वापस की गई।

6 जनवरी को ही 'नवादा' (बिहार) में 'एजाजुल हसन' नामक युवक ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 1 लाख 30 हजार रुपए ठगने के आरोप में ठग ट्रैवल एजैंट के विरुद्ध पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

6 जनवरी को ही 'फतेहपुर' (उत्तर प्रदेश) में एक युवक को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे 1.40 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में एक ठग ट्रैवल एजैंट को गिरफ्तार किया गया।

7 जनवरी को 'हमीरपुर' (हिमाचल प्रदेश) के भोरंज में विदेश में नौकरी दिलवाने के नाम पर एक युवक से ठगी का मामला सामने आया। आरोप है कि बोगस ठग ट्रैवल एजैंट ने उक्त युवक को 'थाईलैंड' में अच्छी नौकरी दिलवाने का लालच देकर वहां भेजने की बजाय 'म्यांमार' भेज दिया।

7 जनवरी को ही एक व्यक्ति ने 'चंडीगढ़' के सैक्टर 17 थाने में 'कनाडा' का वर्क परमिट दिलाने का झांसा देकर उससे 18 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में एक ट्रैवल एजैंट के विरुद्ध शिकायत दर्ज करवाई।

7 जनवरी को ही 'पंचकूला' (हरियाणा) में 'एंटी इमीग्रेशन फ्राड यूनिट' ने शिकायतकर्ता को स्टडी वीजा दिलाने का झांसा देकर उससे 13 लाख रुपए ठग लेने के आरोप में एक बोगस ट्रैवल एजैंट को गिरफ्तार किया।

7 जनवरी को ही 'कौशाम्बी' (उत्तर प्रदेश) में एक व्यक्ति को विदेश भेजने के बहाने उससे 60,000 रुपए ठग लेने के आरोप में पुलिस ने एक ठग ट्रैवल एजैंट के विरुद्ध केस दर्ज किया। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने उसे विदेश नहीं भेजा और अपने पैसे वापस मांगने पर गंभीर परिणामों की धमकियां देनी शुरू कर दीं।

7 जनवरी को ही 'प्रयागराज' (उत्तर प्रदेश) में एक युवक को 'सऊदी अरब' में नौकरी दिलवाने के बहाने एक ट्रैवल एजैंट द्वारा उससे 1.25 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया। आरोपी ने न तो उसे वीजा दिलवाया और न ही नौकरी दिलवाई तथा बाद में उसका फोन उठाना भी बंद कर दिया।

7 जनवरी को ही 'गोपालगंज' (बिहार) में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने छापेमारी करके विदेश में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर लोगों को ठगने वाले एक फर्जी ट्रैवल एजेंट 'मृत्युंजय सिंह' को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 349 भारतीय पासपोर्ट बरामद किए।

ये तो सिर्फ चंद घटनाओं की बानगी है आजकल रोजाना सैकड़ों युवाओं से विदेश में पढ़ाई रोजगार के नाम पर ठगी का बड़ा धंधा चल रहा है। ऐसी घटनाओं के दृष्टिगत जरूरी है कि विदेश जाने के इच्छुक लोग पहले संबंधित कम्पनी, एजेंट और दस्तावेजों की पूरी जांच–पड़ताल अवशय करें और केवल अधिकृत एवं पंजीकृत एजेंटों के माध्यमों से ही विदेश जाएं। इमीग्रेशन नियमों में हो रही सख्ती और बिगड़ रही अर्थव्यवस्था के कारण वैसे भी विदेश में बसना मुश्किल हो गया है। कनाडा और अमरीका के अलावा यूरोप में भी इमीग्रेशन कानून सख्त हो रहे हैं। अत: जितनी रकम माता–पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने पर खर्च करते हैं, उतनी ही रकम भारत में खर्च कर–के वे अपने बच्चों को अच्छा कारोबार शुरू करवा दें ताकि वे अपने साथ–साथ दूसरों के लिए भी रोजगार व आय के साधन पैदा करके देश में बेरोजगारी दूर कर सकें।जरा सा असावधानी से न सिर्फ माँ बाप के खून पसीने की कमाई जालसाज हड़प लेंगे वरन विदेश पहुच कर साइबर स्लेवरी के शिकार भी बन सकते हैं वहा हजारों पढे लिखे नौजवान संडास की सफाई और जबरन युद्ध के मैदान मे भी उतार दिए गए हैं जिस कारण उनका सुरक्षित वापस लौटना भी भगवान भरोसे है।

# 'मनरेगा' और 'विकसित भारत जी राम जी'



हृदयनारायण दीक्षित

कांग्रेस 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान चला रही है। कांग्रेस बीते 11 वर्षों से सत्ताहीन है। अच्छी बात है कि कांग्रेस ने केन्द्र का विरोध करने के लिए सड़क पर आने का निर्णय लिया है। रोजगार योजनाएं गरीबों की आय बढ़ाने की दृष्टि से चलाई गई हैं। कोई भी व्यवस्था जड़ नहीं होती। देशकाल की गति में जीर्ण–शीर्ण और पुराना विस्थापित होता है। नया उसकी जगह लेता रहता है। भाजपा ने कांग्रेस को विस्थापित किया। वह पुरानी होने के साथ–साथ ध्येयनिष्ठ भी नहीं रही। जन समर्थन घटा। भाजपा ने कांग्रेस को विस्थापित कर दिया। कांग्रेस मनरेगा को लेकर अपना रोना रो रही है। मनरेगा में कानूनी तौर पर रोजगार पाने की गारंटी थी लेकिन प्रमुख विपक्षी दल होने के बावजूद वह नए वी.बी.जी राम जी एक्ट का विरोध कर रही है। देखना यह चाहिए कि राजग सरकार द्वारा लाए गए नए अधिनियम की अच्छाइयां बुराइयां क्या हैं? आइए नए अधिनियम वी.बी.जी राम जी की खास विशेषताएं जान लें। इस अधिनियम द्वारा ग्रामीण परिवारों के लिए कानूनी रूप से गारंटीकृत कार्य दिवसों को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन प्रतिवर्ष कर दिया गया है। अभी तक लागू कानून में मजदूरी देने की कोई सुनिश्चित अवधि नहीं थी। लेकिन नए अधिनियम में 15 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान जरूरी बताया गया है। ऐसा न किए जाने पर मजदूरों को पांच प्रतिशत की दर से प्रतिदिन ब्याज मिलेगा। रोजगार प्राप्त करने के 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर भी बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान किया गया है।

भारत में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों का बड़ा हिस्सा मजदूरी के लिए महानगरों की ओर रुख करता है। सड़क के किनारे सोता है। सुबह प्रतीक्षा करता है कि कोई मकान बनाने वाला, दुकान चलाने वाला उसको दिनभर का काम दे दे। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। खेत मजदूर की मोलभाव करने की क्षमता नहीं होती है। बड़े–बड़े महानगरों में मजदूरों के मार्केट लगते हैं। वहां से लोग कम पैसे में तय करके मजदूर लाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों की व्यथा सिर्फ आंकड़ों से नहीं जानी जा सकती। ताजा 'वी बी राम जी' योजना ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए सुखद आश्वासन है। भारत कृषि प्रधान देश है। कृषि अभी भी घाटे का सौदा है। पीछे लगभग 28 वर्षों से किसानों को किसान क्रेडिट योजना के माध्यम से कृषि कार्य के लिए ऋण दिया जाता है। योजना अच्छी है। ऋण लेकर बुवाई आदि के सीजन में खाद–पानी देने के लिए पूँजी उपलब्ध कराने की योजना अच्छी है। तमाम योजनाएं




अच्छी तो हैं लेकिन किसानों को उनकी जानकारी नहीं है। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। पढ़े–लिखे युवा भी शहर भागते हैं।

रोजगार योजनाओं का इतिहास दिलचस्प है। यह योजना सबसे पहले स्थानीय कठिनाइयों के चलते साल 1970 में महाराष्ट्र में लागू हुई थी। तब इसे 'महाराष्ट्र रोजगार गारंटी योजना' कहा गया। साल 1980 में भारत की पहली केन्द्रीयकृत योजना लागू हुई। भ्रष्टाचार के कारण योजना का लाभ नहीं मिला। योजनाओं का धन बिचौलिए मार देते थे। इसके बाद गाजे–बाजे के साथ आई जवाहर रोजगार योजना। यह भी अपने उद्देश्यों में असफल रही। इसका फिर नाम बदला और इसे 'नरेगा' नाम से जाना गया। फिर साल 2008 में यह 'मनरेगा' हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की योजनाएं इसी तरह असफल होती गईं।

भारत की मिट्टी में उपजाऊ शक्ति ज्यादा है। कृषि कार्य में गरीब परिवार जुटे रहते हैं। सभी सदस्य काम करते हैं। तब किसी प्रकार गरीब परिवार चलता है। बुवाई और फसल कटाई के समय के दौरान 60 दिनों का अवकाश रखा गया है। इससे लाभ यह होगा कि कृषि कार्यो के लिए भी श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

ग्राम सभाएं बुनियादी लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं। ग्राम स्वराज गांधीजी का स्वप्न था। भारत की संविधान सभा में ग्राम पंचायत के गठन पर लंबी बहस हुई थी। ज्यादातर सदस्यों ने ग्राम पंचायत को स्वायत्तशासी और आत्मनिर्भर बनाने का आग्रह किया था। डॉ. आम्बेडकर ने कहा था कि, ''ग्राम पंचायतें मेरे विचार से स्थानीय कलह का अड्डा होंगी।'' पीछे 10–12 साल में सरकारी स्तर पर ग्राम पंचायतों को विकसित और समृद्ध बनाने की मद पर भारी व्यय हुआ है। निःसंदेह कहीं–कहीं कुछ ग्राम पंचायतों ने बहुत अच्छा काम किया है लेकिन तमाम ग्राम सभाओं द्वारा विकास कार्यो की धनराशि को हड़पने का भी काम किया है। विकसित ग्राम पंचायत योजना का विकास स्थानीय संस्थाओं द्वारा किया जाना है। ये सब करने के लिए समय–समय पर प्रशासनिक खर्च भी आता है। योजनाओं के ठीक से कार्यान्वयन में व्यय होने वाले धन को 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है। वैसे तो इस योजना का उद्देश्य लोगों को रोजगार देना है। गांव में सरकारी स्तर पर सेवा देने वाले कोई कार्यालय नहीं हैं। उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में पंचायत भवन बनाए गए हैं। इसके लिए अलग बजट का प्रावधान करना होता है। ऐसी संपत्ति का निर्माण इसी रोजगार अधिनियम के अंतर्गत चार मुख्य क्षेत्र में केन्द्रित किया गया है।

रोजगार योजना के धन से ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। खेत मजदूर पलायन नहीं करेंगे और श्रमिकों को रोजगार मिलेगा और इसी धन से जल संरक्षण जैसे कार्य किए जा सकेंगे। जल आपूर्ति को लेकर अक्सर शिकायतें रहती हैं। उत्तर प्रदेश में अनेक जिले प्रदूषित जल के कारण पेयजल संकट में हैं। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जनपद में बलाई, निबई, टिकरी गणेश, आटा, सुपासी, रामचरामऊ, लखापुर, बंथर, अनूपपुर, खटुहा नौगवा, रिठानई, बण्ड हमीरपुर, सलेथू, गढ़ाकोला, कतहर आदि गांवों में सरकार ने स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था की है। लेकिन काम अभी बाकी है। जल की आवश्यकता को लेकर ही इंदौर में काफी बवाल हुआ है। कांग्रेस ने इंदौर में आंदोलन किया। इन पंक्तियों के प्रेस में जाने तक राहुल गाँधी कुछ लोगों के साथ इंदौर में प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'हर घर नल' नामक महत्वाकांक्षी योजना और उसका क्रियान्वयन किया। जल निकासी की योजना भी इसी धन से बनाई जा सकेगी। जरूरत इस बात की है कि वीबी जी राम जी के ठीक से अनुपालन के लिए विकासखण्ड स्तर पर सक्षम अधिकारियों की टीम गठित की जानी चाहिए। इस टीम को कार्यदायी संस्थाओं का मार्गदर्शन करना चाहिए। साथ में गलती होने पर चेतावनी और दुरुपयोग पर कार्यवाही भी करना चाहिए। वीबी जी राम जी योजना में जल संरक्षण और जल सम्बन्धी अन्य कार्य होंगे। गांव में स्थानीय स्तर पर बुनियादी ढांचा, गांव की सड़क और संपर्क के साधन विकसित करना भी इस योजना का अंग है। पंचायती राज संस्थाएं अपना काम ठीक से नहीं कर पा रही हैं। कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर कम हैं। कृषकों के पास कृषि कार्य के लिए जरूरी पूंजी का अभाव रहा। सरकारों ने इस समस्या को चिन्हित कर लिया। त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव, वोट के बदले नोट योजना में फंसे हैं। क्षेत्र पंचायत प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्षों के चुनाव में करोड़ों रुपए का लेनदेन होता है। बहुत समय से मांग की जा रही है कि पंचायती राज के चुनाव आम मतदाता से कराए जाएं लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है। जो लाखों करोड़ों रुपए देकर पद पाए हैं या चुनाव जीते हैं, वह उस धनराशि की वसूली भी करते हैं। केन्द्र में योजनाओं के क्रियान्वयन की इच्छाशक्ति है। विश्वास है कि योजना सफल होगी।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**


# हिंदू होने का मर्म है विविधता में एकता और आत्मभूतेषु भाव



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

भारत एक देश होने के साथ ही एक चेतना है, एक संस्कार है, एक जीवन दृष्टि है। यह वह भूमि है जहां हजारों वर्षों से मानवता को जीने की कला सिखाई गई, जहां विविधता को शक्ति के रूप में देखा गया और जहां अंतःचेतना को ही एकता के लिए समाज की आधारशिला बनाया गया। इसी भारत के स्व को स्वर देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने आज जो कहा है, वह हम सभी के लिए गहन रूप से विचारणीय है। वस्तुतः ये भारत के अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ने वाला वैचारिक उद्घोष है। जिसमें कि उनके शब्द हर हिंदू, हर सनातनी और हर भारतवासी के भीतर यह भाव जगाते हैं कि इस राष्ट्र का चरित्र हमारे आचरण से बनता है और इसकी जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है।

डॉ. भागवत का यह कथन है कि भारत एक भौगोलिक इकाई से ऊपर एक चरित्र है, जोकि भारतीय सभ्यता के मूल स्वभाव को रेखांकित करता है। भारत की पहचान उसकी सीमाओं से अधिक उसके संस्कारों से है। यदि भारत में कुछ अच्छा होता है तो उसका श्रेय भी हिंदू समाज को जाता है और यदि कुछ गलत होता है तो उत्तरदायित्व भी उसी पर आता है। कहना होगा कि भागवत जी का ये कथन किसी श्रेष्ठता का दावा नहीं है, वस्तुतः एक गहन दायित्वबोध है। यह हमें स्मरण कराता है कि बहुसंख्यक होना अधिकार नहीं, उत्तरदायित्व है। हिंदू समाज की परंपरा मूलतः समावेशी रही है। यहां कभी एकरूपता थोपने का प्रयास नहीं हुआ। यहां विचार, पूजा पद्धति, जीवन शैली, भाषा और खानपान की असंख्य धाराएं साथ–साथ बहती रहीं और ये सतत है। किसी ने शंकर को पूजा, किसी ने राम को, किसी ने शक्ति को, किसी ने निराकार को, फिर भी समाज बिखरा नहीं। यही कारण है कि भारत में शैव, वैष्णव, शाक्त, बौद्ध, जैन और सिख परंपराएं टकराव नहीं, सह–अस्तित्व का उदाहरण बनीं। डॉ. भागवत जब कहते हैं कि हिंदू समाज ने विविधता को कभी संघर्ष का कारण नहीं बनने दिया, तो वे इतिहास के सत्य को दोहराते हैं। सदियों के आक्रमण, शोषण और सांस्कृतिक आघातों के बावजूद भारत की मूल चेतना सुरक्षित रही क्योंकि उसका आधार समावेश है। भारत की विविधता में एकता सिर्फ



आदर्श वाक्य नहीं है, यह भारत का चरित्र और सामाजिक यथार्थ है। 2011 की जनगणना बताती है कि देश में 22 आधिकारिक भाषाएं हैं और हजारों बोलियां जीवित हैं। समाजशास्त्रीय अध्ययनों के अनुसार चार हजार से अधिक जाति और उपजातीय समूह भारत में मौजूद हैं, फिर भी एक सांस्कृतिक सूत्र पूरे समाज को बांधे रखता है। दीपावली, होली, रामनवमी, मकर संक्रांति जैसे पर्व किसी एक वर्ग के नहीं, पूरे समाज के उत्सव बन जाते हैं। यही वह भारत है, जहां भिन्नता के बावजूद एकत्व का अनुभव होता है। वर्ष 2021 के प्यू रिसर्च अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि भले ही सामाजिक संरचनाओं में अभी चुनौतियां हैं, लेकिन समरसता और समानता की दिशा में प्रयास निरंतर बढ़ रहे हैं। कहना होगा कि इस समावेशिता की जड़ें भारतीय दर्शन में हैं। उपनिषदों का आत्मभूतेषु भाव, अर्थात सभी प्राणियों में एक ही आत्मा का दर्शन, हिंदू चिंतन की रीढ़ है। सर्व खल्विदं ब्रह्म और अहं ब्रह्मास्मि जैसे महावाक्य व्यक्ति को धार्मिक के साथ ही उसे सामाजिक रूप से भी उदात्त बनाते हैं। जब मनुष्य सभी में स्वयं को देखने लगता है, तब भेदभाव स्वतः समाप्त होने लगता है। डॉ. भागवत का जाति, भाषा और व्यवसाय से ऊपर उठकर मित्रता करने का आह्वान इसी दर्शन का सामाजिक रूपांतरण है। यह वास्वत में व्यवहारिक सामाजिक सुधार का मार्ग है।

यहां यह भी बताना होगा कि हिंदूत्व का यह दर्शन अध्यात्म तक सीमित नहीं है। यह शासन, समाज और अर्थव्यवस्था तक बहुत विस्तृत है। इसी क्रम में डॉ. भागवत का आत्मनिर्भरता पर जोर अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्थानीय उत्पादों के उपयोग का आग्रह आर्थिकता के साथ ही सांस्कृतिक स्वाभिमान से जुड़ा विषय है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत मार्च 2025 तक 1.76 लाख करोड़ रुपये का निवेश, 16.5 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन और बिक्री तथा लगभग 12 लाख रोजगार सृजित हुए हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की ठोस प्रक्रिया है। उन्होंने वैश्वीकरण को वैश्विक बाजार के बजाय वैश्विक परिवार के रूप में देखने की बात कही है। यह वही दृष्टि है, जिसने भारत को वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश दिया। भारत सदियों से अपने नागरिकों को सशक्त बनाकर विश्व के साथ संतुलित संबंध बनाने वाला राष्ट्र रहता आया है। आत्मनिर्भरता का अर्थ आत्मबल के साथ विश्व से जुड़ना है।

हिंदू समाज में एकता के संदर्भ में डॉ. भागवत का संदेश स्पष्ट और दृढ़ है। यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। संघ पहल करेगा, मार्गदर्शन देगा, किंतु नेतृत्व समाज को स्वयं करना होगा। भगवान राम का उदाहरण यह सिखाता है कि संवाद, धैर्य और मर्यादा भारतीय परंपरा का मूल है, किंतु जब अन्याय सीमा लांघ जाए, तब दृढ़ता भी आवश्यक है। यह संतुलन ही भारतीय चरित्र की पहचान है।

आज जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दैनिक शाखा, साप्ताहिक मिलन और मासिक मंडली को मिलाकर संख्या डेढ़ लाख से अधिक हो चुकी है और सामाजिक समरसता के प्रयास व्यापक रूप ले रहे हैं, तब यह स्पष्ट होता है कि समाज जाग रहा है। जातिगत भेद, आंतरिक विभाजन और हीनभावना को त्यागकर संगठित होना ही भारत की शक्ति का मूल है। संगठित समाज ही सांस्कृतिक निरंतरता, सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा की गारंटी बनता है। अंततः भारत के लिए हिंदू होने का अर्थ किसी संकीर्ण पहचान में सीमित होना नहीं है। यह एक जीवन दृष्टि है, जो विविधता को सम्मान देती है, आत्मभूतेषु भाव से सभी में एकात्मता देखती है और आत्मनिर्भरता के माध्यम से राष्ट्र को सशक्त बनाती है। वस्–तुतः आज डॉ. मोहन भागवत के कथन इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे हमें स्मरण कराते हैं कि भारत का भविष्य किसी और के हाथ में नहीं, हमारे अपने आचरण में निहित है। यदि हिंदू समाज अच्छे, दृढ़ और ईमानदार बनने का संकल्प लेता है तो भारत का चरित्र स्वतः उज्ज्वल होगा। यही हिंदूत्व का मर्म है, यही सनातन का संदेश है और यही भारत का गौरव भी है।

# अमन-शांति, सुरक्षा और प्रगति के लिए आपसी संवाद जरूरी



प्रो. जसीम मोहम्मद

पिछले दिनों राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपालजी को सुनने का अवसर मिला। उन्होंने स्पष्ट रूप से इस बात पर ज़ोर दिया कि हिंदू–मुसलमानों के बीच आपसी संवाद का मकसद मुसलमानों को आरएसएस के नज़रिए को मानने के लिए बाध्य करना नहीं है, बल्कि उनकी चिंताओं और कठिनाइयों को ईमानदारी से समझना है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारतीय समाज की संवाद परंपरा यह मानती है कि हर तर्क में कुछ सचाई होती है। आपस में सिर्फ़ एक–दूसरे पर आरोप लगाने या अलग–अलग पक्षों द्वारा सांप्रदायिक उन्माद की घटनाओं का उल्लेख करने से कुछ हासिल नहीं होता। उन्होंने यह उल्लेख किया कि सांप्रदायिक तनाव की असली जड़ "दूसरों को अलग–थलग करने" में है, जबकि समावेशी स्वरूप में समाज को एकजुट करने की शक्ति है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक घटनाएं कारण नहीं बल्कि लक्षण हैं। हिंदुओं से भी शिकायतें हैं, उनमें भी कमियां है, जिन्हें ईमानदारी और पारदर्शिता से दूर किया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि असल में युवा पेशेवरों को कौन कट्टरपंथी बनाता है? उन्होंने चेतावनी दी कि चरमपंथी घटनाओं के बाद अक्सर निर्दोष मुसलमानों को गलत तरीके से निशाना बनाया जाता है– जैसे किराए आदि पर उन्हें घर देने से मना करना या पेशेवर जाँच। इनसे अविश्वास और गहरा होता है और अनसुलझी ऐतिहासिक शिकायतें फिर से उभर आती हैं। यह मानते हुए कि ज़्यादातर मुसलमान राष्ट्रवादी हैं, उन्होंने कहा कि कुछ लोग इस पहचान को खुले तौर पर ज़ाहिर करने में हिचकिचाते हैं। इस अवसर पर कृष्णगोपाल जी ने जवाहरलाल नेहरू के सन 1948 ई. में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने के आह्वान को याद किया। उन्होंने यह कहते हुए बात खत्म की कि इतिहास को मिटाया नहीं जा सकता। संवाद में हिस्सा लेनेवाले सिर्फ़ उत्प्रेरक का काम कर सकते हैं। सच्ची सद्भावना तभी पैदा होगी जब हिंदू और मुसलमान दोनों ईमानदारी और आपसी सद्भावना के साथ आगे आएँगे।

डॉ. कृष्ण गोपालजी का यह विचार स्वाभाविक रूप से हमें एकता के अर्थ के बारे में एक बड़े और ज़्यादा स्थायी सवाल की ओर ले जाता है। अगर संवाद का मकसद 'दूसरों को अलग–थलग करने' को कम करना और शक की जगह समझ पैदा करना है, तो एकता को विश्वास की समानता या तौर–तरीकों की एकरूपता के रूप में परिभाषित नहीं किया जा सकता। इसके बजाय, इसे अलग–अलग धर्मों, विचारों और जीवन जीने के तरीकों वाले लोगों की गरिमा और आपसी सम्मान के साथ एक साथ रहने की क्षमता के रूप में समझा जाना चाहिए। एकता का मतलब ज़रूरी नहीं कि सभी के लिए एक जैसा साझा विचार/प्रार्थना/ जीवनशैली हो बल्कि इसका मतलब है कि हर किसी को यह समझ हो कि जो लोग उनसे अलग सोचते हैं/काम करते हैं और रहते हैं, उनके साथ शांति और आपसी सम्मान से कैसे रहा जाए। इसका एक उदाहरण भारत जैसे देश का है, जहाँ कई अलग–अलग धर्म, संस्कृति, भाषाएं और रीति–रिवाज साथ–साथ मौजूद हैं। हम भारतीयों के लिए समग्र रूप से एकता की भावना के माध्यम से अपने रिश्ते को मज़बूत करना महत्वपूर्ण है, जिससे देश में शांति बनी रहे। समाज में आपसी एकता की कमी से छोटे–मोटे मतभेद गंभीर चिंता या झगड़ों में बदल सकते हैं। इसके विपरीत, अगर लोगों के बीच आपसी एकता और समन्वय का मज़बूत रिश्ता हो, तो वे छोटे–बड़े मतभेदों को समझदारी और इज़्ज़त के साथ सुलझा पाएँगे।

भारत का इतिहास स्पष्ट रूप से दिखाता है कि सामाजिक विविधता कोई कमज़ोरी नहीं है। हज़ारों सालों से इस देश ने अलग–अलग धर्मों और विचारों का स्वागत किया है। हिंदू धर्म, इस्लाम, ईसाई धर्म, सिख धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और कई दूसरी परंपराएँ यहाँ फली–फूली हैं और रोज़मर्रा की ज़िंदगी, खानेपीने, कपड़ों, भाषा और मूल्यों में एक–दूसरे को प्रभावित किया है। यह साझा सभ्यता और संस्कृति का सफर साबित करता है कि भारत में साथ रहना ज़बरदस्ती नहीं है; यह स्वाभाविक है।

एकता और आपसी सम्मान पर यह ज़ोर राष्ट्रीय नेतृत्व के सबसे ऊंचे स्तर पर भी दिखता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार–बार इस बात पर बल दिया है कि भारत की वास्तविक शक्ति हर नागरिक को धर्म की पूरी आज़ादी देने में है। उन्होंने साफ कहा है कि हर व्यक्ति को बिना किसी ज़बरदस्ती या दबाव के अपनी पसंद का धर्म मानने, बनाए रखने या अपनाने का पूरा–पूरा अधिकार है। साथ ही, उन्होंने मज़बूती से कहा है कि किसी भी धार्मिक समूह को– चाहे वह बहुसंख्यक हो या अल्पसंख्यक, खुलेआम या चुपके से नफ़रत फैलाने या सामाजिक सद्भाव को ज़हर देने का कोई अधिकार नहीं है। यह संतुलित तरीक़ा, जो धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करता है और नफ़रत और बंटवारे के खिलाफ एक साफ लाइन खींचता है, संवैधानिक मूल्यों और सभ्यता की नैतिकता में निहित शासन के दर्शन को दिखाता है। आस्था की स्वतंत्रता और सांप्रदायिक भड़कावे के लिए ज़ीरो टॉलरेंस दोनों पर ज़ोर देकर प्रधानमंत्री ने लगातार अंतर–धार्मिक सद्भाव को शांति, राष्ट्रीय एकता और भारत की लंबी अवधि की प्रगति के लिए एक ज़रूरी स्तंभ के रूप में बढ़ावा दिया है।

सामाजिक समरसता और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देने की इसी भावना के साथ आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी भारत में अलग–अलग विभिन्न समुदायों के बीच एकता और सम्मान की आवशयकता के विषय में बात की है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया है कि सामाजिक सद्भाव भारत की एकता और अखंडता की नींव है। हमें विविधता को बाँटना नहीं चाहिए बल्कि अलग–अलग धर्मों और पृष्ठभूमि के लोगों के बीच आपसी संबंधों को और भी मज़बूत करना चाहिए। भागवत ने सभी समुदायों के लोगों से सद्भावना के साथ मिलकर रहने का आग्रह किया है, यह देखते हुए कि सामूहिक सद्भावना और समझ ने भारतीयों को अलग–अलग मान्यताओं और प्रथाओं के बावजूद शांति से एक साथ रहने में मदद की है। यहाँ यह विचारणीय है कि सच्ची शांति का मतलब है कि लोग अपनी पहचान में सुरक्षित महसूस करें। इसका मतलब है कि माता–पिता को अपने बच्चों के लिए डर न हो, पड़ोसी एक–दूसरे पर भरोसा करें और सभी समुदाय स्वयं को सम्मानित महसूस करें। अंतर धार्मिक सद्भाव, शक को कम करके और उसकी जगह समझ पैदा करके सुरक्षा की यह भावना पैदा करता है। जब लोग एक–दूसरे से बात करते हैं, तो डर धीरे–धीरे स्वतः समाप्त हो जाता है। लगातार तनाव के माहौल में उन्नति या प्रगति नहीं हो सकती। जब समुदाय बँटे होते हैं तो विकास के बजाय संघर्ष में ऊर्जा बर्बाद होती है। एक आत्मविश्वासी धर्म बातचीत से खतरा महसूस नहीं करता। ऐतिहासिक दस्तावेज़ एवं घटनाक्रम हमें दिखाते हैं कि सांप्रदायिक सद्भाव वाले सह–अस्तित्व को विभिन्न प्रयासों से बनाए रखना चाहिए, न कि इसे अपने आप बन जाने की अपेक्षा के लिए छोड़ देना चाहिए। अगर संबंधित सभी पक्षों के बीच आपसी रचनात्मक बातचीत का कोई भी अवसर उपलब्ध नहीं है, तो इसके कारण और अधिक गलतफहमियाँ पैदा होंगी। इसलिए, यह ज़रूरी है कि धार्मिक नेता, विद्वान और आम जनता एक–दूसरे के साथ नियमित बातचीत और संवाद करें; यह किसी भी गलतफहमी को बड़े बँटवारे या दरार में बदलने से रोकने में सहायता मिल सकती है।

एक शांतिपूर्ण और एकजुट समाज लोकतंत्र को मज़बूत करता है। लोकतंत्र केवल चुनावों से ही नहीं बल्कि नागरिकों के बीच आपसी समझ और सम्मान से भी जीवित रहता है। जब लोगों को लगता है कि उनके धर्म और पहचान का सम्मान किया जाता है तो वे राष्ट्र के सामाजिक जीवन में ज़्यादा सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। इसलिए, अंतर धार्मिक सद्भाव लोकतांत्रिक स्थिरता और राष्ट्रीय अखंडता का समर्थन करता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित व जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने झंडा पूजन करने के बाद झंडारोहण कर मेले की विधिवत शुरुआत

# नागौरी बैल इस पशु मेले का स्टार ,बदलते युग में भी है मेले की उपयोगिता : मृदुल कच्छावा (जिला पुलिस अधीक्षक)

## नागौर पशु मेले की पहचान दूर दराज तक : जिला कलक्टर




चमकता राजस्थान

नागौर(प्रदीप कुमार डागा)। जिला मुख्यालय पर मानासर के पास पशु मेला मैदान में हर वर्ष आयोजित होने वाले श्री रामदेव पशु मेले का शुभारंभ सोमवार को किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित व जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने झंडा पूजन करने के बाद झंडारोहण कर मेले की विधिवत शुरुआत की तथा स्कूली छात्राओं द्वारा मेले में आए अतिथियों एवं पशुपालकों के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. महेश कुमार मीणा ने मेले की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस दौरान उन्होंने गत वर्ष आयोजित मेले के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस बार और अधिक सफलतापूर्वक मेला आयोजन किया जाएगा।

अध्यक्षीय उद्बोधन में जिला कलक्टर अरुण कुमार पुरोहित ने संबोधित करते हुए कहा कि नागौर में मेला व्यवस्था से जिले के पशुपालकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है। वहीं इस मेले का देश-विदेश में भी बड़ा महत्व है। उन्होंने बताया कि नागौर पशु मेले की पहचान राज्य से बाहर भी है। यहां पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राज्य से बाहर के कलाकार आने के लिए उत्सुक रहते हैं। उन कलाकारों की आजीविका भी नागौर पशु मेले से जुड़ी हुई है। इस प्रकार अन्य राज्यों का रिश्ता भी हमारे नागौर पशु मेले से बना हुआ है। मेले की महत्वता आज भी बरकरार है। समयानुसार परिवर्तन होता रहता है लेकिन मेले की उपयोगिता आज भी उतनी ही है। जिस प्रकार लोक देवता रामदेव जी महाराज ने सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। उसी प्रकार इस मेले में समाज के हर वर्ग, हर घर के लोग आते हैं तथा किसी न किसी रूप में अपनी आजीविका चलाकर आर्थिक स्थिति मजबूत करते हैं। बाबा रामदेव के नाम से मेले का आयोजन होना भी सामाजिक सद्भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पशु आज भी हमारे लिए बहुत जगह काम आते हैं। हालांकि जिले में कृषि के लिए पशुओं का उपयोग कम होने लगा है, लेकिन उसके बावजूद आज भी पशु परिवहन में काम आते हैं। जिन क्षेत्र में गाड़ियां नहीं जा सकती, वहां पशु ही एकमात्र परिवहन का साधन है। जिस प्रकार रेगिस्तान में ऊंट की अपनी अलग पहचान है, उनका महत्व उतना ही है जितना पहले था। इस दौरान उन्होंने कहा कि नागौरी बैल खेती के साथ अन्य राज्यों में नस्ल सुधार व नस्ल बढ़ाने के लिए भी काम आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि चाहे डेयरी उत्पाद बनाने हो या बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक दूध की जरूरत हो, वह पशुओं के माध्यम से ही पूरी हो पाती है। मेले में कुछ कुछ समस्याएं जरूर आई है, इसके लिए पिछली बार भी काफी प्रयास किए गए थे और इस बार भी समय रहते सरकार को अवगत कराया गया है। उन्होंने बताया कि पशुपालकों व व्यापारियों को राज्य की सीमा से बाहर कठिनाई न आए, इसके लिए व्यापारियों को खुद के राज्य से पशु परिवहन की एनओसी लाने के लिए भी कहा गया है, ताकि वह अपने खुद के राज्य में पशु आसानी से ले जा सकें। उन्होंने बताया कि करीब 1 माह पहले राज्य सरकार को अवगत करवाया गया है कि वह सभी राज्य की पुलिस व प्रशासन को व्यापारियों को सुरक्षित अपने स्थान तक पहुंचने में मदद करने के लिए निर्देशित करें। व्यापारियों को कोई दिक्कत ना आए, वे सुरक्षित अपने घर पहुंच सके इसके लिए और भी बहुत से प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पशुपालन विभाग भी पशु परिवहन गाड़ियों को रवाना करते समय उसकी अच्छी प्रकार से जांच करें, ताकि वाहनों में क्षमता से अधिक पशु ना हो और उन्हें रास्ते में दिक्कत ना आए। वहीं पशुपालकों व व्यापारियों को भी सारे नियमों की जानकारी दी जाएं। इसके लिए सभी ट्रांसपोर्टर को भी सूचित करें। उन्होंने बताया कि मेले व जिले की अर्थव्यवस्था को देखते हुए पशुपालन बड़ा महत्व रखता है। पिछली बार भी पशु मेल से करीब 5 करोड रुपए की आय हुई थी। इसलिए विभाग पशुपालकों व व्यापारियों से समन्वय रखते हुए नियमानुसार पशुओं का परिवहन करवाएं। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ पशुपालक भी मेले का भरपूर आनंद लें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने कहा कि पशु मेला सामाजिक सौहार्द व सामाजिक एकरूपता का परिचायक है। यहां हर प्रदेश से, हर कोने से, हर धर्म व हर जाति व समाज के लोग आते हैं। जो मेले में व्यापार करते हैं, रिश्ते निभाते हैं और नागौर की पहचान लेकर लौट जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस मेले का स्टार नागौरी बैल है, उसके बारे में जितना कहा जाए उतना कम है। उन्होंने बताया कि बैल किसान के घर के सदस्य की तरह होता है, उसकी ताकत, सहनशीलता और निष्ठा बिल्कुल किसान के स्वभाव से मिलती है। बदलते युग में भी मेले की जरूरत है। उन्होंने बताया कि लोगों का आजकल मोबाइल पर स्क्रीन से जुड़ाव ज्यादा हो गया है व्यक्तिगत जुड़ाव कम है, ऐसे में मेले ही एक ऐसा अवसर है जिसमें सभी एक स्थान पर मिलते हैं, अपने दुख दर्द बांटते हैं और यहां से कुछ नया सीखकर जाते हैं। उन्होंने बताया कि पुराने समय में तकनीक नहीं थी तब भी दूर दराज से लोग आकर दुख दर्द व अपने विचार साझा करते थे। यह वैचारिक मंथन का स्थान है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पशुधन का महत्व कम नहीं हुआ है इसमें और बेहतर तरीके से काम करते हुए नस्ल सुधार पर भी काम करना चाहिए। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक ने सभी से यहां की परंपराओं को सहेजने, इस मेले की पहचान पर गर्व करने, जड़ों से जुड़े हुए नागौर के निर्माण में योगदान देने, नशे से दूर रहने, नागौर की जड़ों से जुड़े होते हुए भी नजरे भविष्य पर रखने आदि संकल्प दिलाये। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए पुलिस हमेशा तत्पर हैं और अवांछित घटनाओं पर रोक लगाने के पूरे प्रयास किए जाते रहेंगे।

इससे पूर्व पदमश्री अवार्डी हिम्मताराम भांबू ने संबोधित करते हुए कहा कि हर घर में गाय पालने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि बाजार में मिलने वाले खाद्य पदार्थ दूध, मक्खन, घी की शुद्धता कम होती जा रही है। वहीं फसलों पर भी विभिन्न प्रकार के छिड़काव करने से अनेक बीमारियां बढ़ने लगी है। उन पर नियंत्रण के लिए पशुधन ही एकमात्र उपाय है। इस दौरान उन्होंने गाय के दूध, गोबर, मूत्र आदि की महत्वता भी बताई। उन्होंने कहा कि पशु न पालने से लोग बीमार हो रहे हैं। वहीं उन्होंने पशुपालकों के लिए अनुदान देने तथा पशु परिवहन में आ रही बाधाओं को दूर करने की बात भी कही।

इस अवसर पर किसान व समाजसेवी प्रेमसुख जाजड़ा, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सेन, जिला परिषद सीईओ अरविंद जाखड़, सीओ पुलिस जतिन जैन, प्रोबेशनर आइपीएस डॉ. आदिती उपाध्याय सहित विभागीय अधिकारी व गणमान्य नागरिक एवं पशुपालक मौजूद रहे। मंच संचालन मोहम्मद शरीफ छींपा ने किया तथा डॉ. नरेंद्र प्रसाद चौधरी ने सभी का आभार प्रकट किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनाः जिलाधिकारी के सख्त निर्देश, 'पात्र युवाओं के ऋण वितरण में न हो देरी'



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कलेक्ट्रेट सभागार में 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना' की समीक्षा करते हुए बैंक अधिकारियों की सुस्त कार्यप्रणाली पर गहरा असंतोष व्यक्त किया और लंबित आवेदनों के निस्तारण में देरी होने पर कड़ी फटकार लगाई। बैठक में यह तथ्य सामने आया कि जिले को प्राप्त 3,000 के लक्ष्य के मुकाबले 6,469 युवाओं ने आवेदन किया है, लेकिन बैंकों द्वारा अब तक केवल 1,948 आवेदनों को ही स्वीकृति दी गई और मात्र 1,851 में ऋण वितरण किया गया, जो लक्ष्य की तुलना में काफी कम है। डीएम ने इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही 68 लंबित आवेदनों को स्वीकृत कराया और 32 लाभार्थियों को ऋण वितरित कराते हुए सख्त निर्देश दिए कि भविष्य में पात्र आवेदनों को बिना ठोस कारण के न रोका जाए और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए ऋण स्वीकृति व वितरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

### गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों एवं GRAM-2026 एवं साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित




**चमकता राजस्थान/कमल साहू/ब्यावर।** आगामी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा को लेकर जिला कलेक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय, सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित करने हेतु विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने बैठक में GRAM-2026 (ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट-2026) की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक गिरदावर सर्किल (ILR) स्तर पर एक दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

इन शिविरों का शुभारम्भ 23 जनवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर किया जाएगा। इसके पश्चात 24, 25 एवं 31 जनवरी, 01 फरवरी तथा 05 से 09 फरवरी (कुल 10 दिवस) तक प्रत्येक गिरदावर वृत्त पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विपणन, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन, सहकारिता, जल संसाधन, ऊर्जा, उद्योग, आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग सहित संबंधित विभागों की सहभागिता रहेगी।इन विशेष शिविरों के माध्यम से कृषकों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्मलाल जाट सहित कृषि, उद्यानिकी, जल संसाधन, उद्योग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, ऊर्जा, पशुपालन, सहकारिता, कृषि विपणन एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# माधव बस्ती में उमड़ा जनसैलाब, विराट हिंदू सम्मेलन में गूंजा सनातन का उदघोष

हनुमान चालीसा के पाठ और महाआरती के साथ सांस्कृतिक चेतना का हुआ शंखनाद




चमकता राजस्थान

**संदीप कुमावत/चौमूं।** शहर के माधव बस्ती के तत्वावधान में रविवार शाम को पुरोहितों का मोहल्ला स्थित विवेकानंद पार्क में 'विराट हिंदू सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया। संतों के सानिध्य और राष्ट्रभक्ति के गीतों के बीच आयोजित इस सम्मेलन में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सनातन संस्कृति के संरक्षण और गौ-सेवा का संकल्प लिया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सम्मेलन में सागर पुरी महाराज एवं साध्वी समदर्शी गिरी महाराज का विशेष सानिध्य रहा, जिन्होंने अपने आशीर्वचनों से श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। मुख्य बौद्धिक कर्ता के रूप में उपस्थित प्रांत गौ सेवा प्रमुख मोहन सिंह ने समाज में एकता और गौ-सेवा की महत्ता पर प्रकाश डाला।आयोजन के दौरान हनुमान चालीसा का संगीतमय सामूहिक पाठ किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात 'पंच परिवर्तन' नाट्य का मंचन कर सामाजिक बदलाव का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अखंड भारत माता की महाआरती और दीपदान रहा, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने, युवाओं को संस्कारवान बनाने और राष्ट्रहित में एकजुट होने का आह्वान किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिक्षाविद हजारी लाल शर्मा और संरक्षक दीनदयाल पारीक ने बताया कि इस सम्मेलन का मूल उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना और सनातन संस्कारों का प्रचार-प्रसार करना है।साथ ही मंच संचालन अशोक पारीक ने किया। इस गरिमामयी अवसर पर प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, पूर्व चेयरमैन आशीष दुसाद, जिला प्रचारक कृष्ण अवतार, कृष्ण मुरारी पारीक, महेश हवेलीवाला, मुरलीधर अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, केदार अग्रवाल सहित कई गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया

## नवजात गौ वंश का कटा सिर मिलने से सनसनी पुलिस जांच में जुटी

चमकता राजस्थान

**उन्हेल नागेश्वर /गोवर्धनसिंह।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखण्ड क्षेत्र के मल्हारगंज व पीपाखेड़ी गांव के बीच गाय के नवजात बछड़े का कटा हुआ सिर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ,बड़ी संख्या में गोरक्षक दल ,बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर एकत्र हो गए।

सूचना मिलने पर गंगधार पुलिस मौके पर पहुंची तथा कटा सिर अपने कब्जे में लिया। पुलिस उपाधीक्षक हेमंत गौतम गंगधार ने बताया पीपाखेड़ी और मल्हारगंज गांव के बीच नवजात गोवंश का सिर पड़ा होने की सूचना मिली थी जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची ,और कटा हुआ सर अपने कब्जे में लिया ,चौमहला पशु चिकित्सालय लाकर पोस्ट मार्टम कराया गया अभी पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट नहीं आई है , पुलिस ने सूचना पर मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया,प्रथम दृष्टया किसी जानवर द्वारा नोचा गया प्रतीत होता है , पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्यवाही की जाएगी ,इस मामले में कोई दोषी पाया जाता है तो सख्त कार्यवाही की जाएगी।कटा सिर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।

## आई.ओ.सी पाईप लाईन की सुरक्षा संबंध में रेंज स्तरीय मीटिंग का हुआ आयोजन



**चमकता राजस्थान/कमल साहू/ब्यावर।** 19.जनवरी.2026 को राजेन्द्र सिंह महानिरीक्षक पुलिस, अजमेर रेंज, अजमेर की अध्यक्षता में जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में रेंज स्तरीय IOCL पाइप लाइन से हो रही क्रूड ऑयल चोरियों की रोकथाम एवं पाइप लाइन की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में एक महत्वपूर्ण समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिह सोलकी, मालपुरा, जिला टोक एवं रेज के संबधित वृत्ताधिकारी / थानाधिकारीगण तथा क्व्डउछ पाइप लाइन परियोजना के उप महाप्रबंधक श्री गौरव छीबा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में IOCL लाइनों से होने वाली तेल चोरियों की घटनाओं पर गंभीरता से चर्चा की गई तथा इन पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु ठोस रणनीति तैयार की गई। पाइप लाइनों की निगरानी, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, नियमित रात्रिकालीन गश्त, तकनीकी निगरानी, ड्रोन पेट्रोलिंग से निगरानी तथा आपसी समन्वय को और सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया एवं नवीन आपराधिक कानून के तहत क्व्डउछ पाईप लाईन से तेल चोरी के संबंध में अपराध घटित होने पर अपराधियों की संपत्ति जब्त करने के बारे में भी विशेष जोर दिया गया।

पुलिस विभाग द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए कि तेल चोरी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आईओसीएल पाइप लाइन प्रबंधन को अपनी सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने एव संदिग्ध गतिविधियो की तत्काल सूचना पुलिस को देने के निर्देश दिए गए।

आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे पाइप लाइन क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अवैध खुदाई या चोरी की सूचना तुरंत पुलिस को दें, जिससे समय रहते कार्रवाई की जा सके और सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखा जा सके। साथ ही इस प्रकार की सटीक सूचना देने वालों को 25 हजार से 01 लाख तक का ईनाम दिया जायेगा।बैठक का समापन आपसी सहयोग, सतत निगरानी एवं तेल चोरी की घटनाओं पर पूर्ण नियंत्रण के संकल्प के साथ किया गया।

जिला कांग्रेस ने चलाया मनरेगा बचाओ जन संग्राम अभियान

# मनरेगा ग्रामीण भारत की रीड की हड्डी, मूल स्वरूप में छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं : विधायक डॉ विकास चौधरी



चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/ अजमेर/रूपनगढ़/ करकेडी।** अजमेर ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सोमवार को विधायक डॉ विकास चौधरी के नेतृत्व में पुष्कर विधानसभा की करकेडी व अमरपुरा ग्राम पंचायतों में मनरेगा श्रमिकों के बीच में पहुंचकर जन जागरण अभियान चलाया गया।

मनरेगा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं- विधायक डॉ विकास चौधरी ने कहा की मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीड की हड्डी है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार ने व सोनिया गांधी जी की दूरदर्शी सोच ने जनता को काम का अधिकार दिया। मोदी सरकार का प्रत्येक फैसला आम आदमी के खिलाफ है, केवल कुछ लोगों के फायदे की खातिर किया जाता है।

अभियान के तहत रूपनगढ़ ब्लॉक के करकेडी मंडल के केरिया की ढाणी,करकेडी, कंसोदिया की ढाणी, पवांरों की ढाणी सहित दर्जन पर जगह पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से मुलाकात कर मनरेगा को बचाने व मजबूत करने का संकल्प लिया एवं वर्तमान सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलकर बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व मंत्री नसीम अख्तर ने आमजन से आंदोलन जन जागरण अभियान बनाने की ओर जोर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष जीवन भाकर ने मनरेगा के वर्तमान स्वरूप को बचाने के लिए लोगों को जागृत किया व मोदी सरकार द्वारा योजना को कमजोर करने के बारे में समझाया।

जन जागरण अभियान का जगह-जगह डीजे व फूल माला से किया गया स्वागत- कांग्रेस का मनरेगा बचाने को लेकर अभियान का ग्रामीणों मे खासा उत्साह नजर आया। जगह-जगह पर डीजे व फुलों से स्वागत किया गया। मनरेगा श्रमिकों ने मारवाड़ी गीत गाकर स्वागत किया।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विकास चौधरी, पूर्व मंत्री नसीम अख्तर, ब्लॉक अध्यक्ष जीवन भाकर, एमडीएस यूनिवर्सिटी के पूर्व अध्यक्ष राकेश घोशल्या, एडवोकेट परमेश्वर बाना, ओमप्रकाश गरवा, मंडल अध्यक्ष लालचंद बेड़ा, इकाई अध्यक्ष प्रेमचंद सांखला, पूर्व सरपंच उगमाराम बिजारणियां सहित बड़ी संख्या में नरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सहारनपुर नगर निगम की अनूठी पहल: गोबर से बने प्राकृतिक पेंट ने बाजार में मचाई धूम, 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल हुआ सफल



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा संचालित माँ शाकुंभरी कान्हा उपवन गौशाला ने 'वेस्ट टू वेल्थ' के सिद्धांत को अपनाते हुए प्रदेश भर में एक नई मिसाल पेश की है, जिसके तहत गौशाला में गोबर से निर्मित प्राकृतिक पेंट की बिक्री 3,160 लीटर के आंकड़े को पार कर गई है। इस सफलता के क्रम में गौशाला प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बिक्री से प्राप्त 33,022 की रॉयल्टी का चेक नगरायुक्त शिपू गिरि को सौंपा, जिससे सहारनपुर गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने वाला उत्तर प्रदेश का पहला नगर निकाय बन गया है। जयपुर की लक्ष्मी ऑर्गेनिक्स के सहयोग से संचालित इस इकाई में अब तक 2,200 लीटर इमल्शन और 960 लीटर डिस्टेंपर तैयार किया जा चुका है, जिस पर निगम को प्रति लीटर 10.45 की रॉयल्टी मिल रही है। यह इको-फ्रेंडली पेंट न केवल एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-फंगल है, बल्कि इसमें लेड और मरकरी जैसे हानिकारक रसायनों का अभाव है, जो इसे स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित और गर्मियों में घर के तापमान को नियंत्रित रखने में सहायक बनाता है। अपनी कम लागत और उच्च गुणवत्ता के कारण बाजार में लोकप्रिय हो रहे इस पेंट के अलावा, गौशाला में गोबर-गौमूत्र से 25 अन्य उत्पाद भी बनाए जा रहे हैं, जिसके लिए इस केंद्र को 'गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस' और आईएसओ (क्रड) जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

### सहारनपुर विकास प्राधिकरण की 81वीं बोर्ड बैठक: सहारनपुर महायोजना-2031 के विस्तार को मंजूरी,

- 31 नए गांवों के विकास और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से संवरेगा शहर, बिना 'रेन वाटर हार्वेस्टिंग' नहीं पास होगा नक्शा



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** सहारनपुर विकास प्राधिकरण की 81वीं बोर्ड बैठक में मंडलायुक्त डॉ. रूपेश कुमार की अध्यक्षता में पर्यावरण और जल संरक्षण को लेकर एक ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है, जिसके तहत अब प्राधिकरण क्षेत्र के भीतर किसी भी भवन के मानचित्र की स्वीकृति के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग (वर्षा जल संचयन) प्रणाली की व्यवस्था करना अनिवार्य कर दिया गया है। गिरते भूजल स्तर को सुधारने और भविष्य की जल सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिए गए इस निर्णय के साथ ही, बोर्ड ने 31 नए राजस्व ग्रामों को शामिल करते हुए महायोजना-2031 (भाग-ख) के ड्राफ्ट को भी हरी झंडी दिखा दी है। यह महायोजना न केवल दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे, सिविल एयरपोर्ट और फ्रेट कॉरिडोर जैसे मेगा प्रोजेक्ट्स के साथ तालमेल बिठाएगी, बल्कि इसमें शामिल होने वाले नए क्षेत्रों में भी आधुनिक जल प्रबंधन और बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी जाएगी। बैठक में शासन की नई विकास शुल्क नियमावली-2025 को लागू करने और ट्रांसपोर्ट नगर की संशोधित दरों को मंजूरी देने के साथ-साथ यह भी स्पष्ट किया गया कि महायोजना के इस प्रारूप पर आम जनता से सुझाव और आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी, ताकि विकास के साथ-साथ पर्यावरण की सुरक्षा में जनभागीदारी भी सुनिश्चित हो सके।

### 24 माह से सुरक्षा कर्मी को भुगतान नहीं मिलने पर जिला कलेक्टर को पत्र लिखा

**चमकता राजस्थान/बूँदी।** ग्राम पंचायत गुमानपुरा के सुरक्षा कर्मी बाबूलाल मीणा का बकाया 24 माह से भुगतान नहीं होने पर परेशान होकर जिला कलेक्टर को पत्र लिखा और जिसमें बताया कि मैं ग्राम पंचायत गुमानपुरा (बूंदी) में सुरक्षा कर्मी के पद पर कार्यरत हूँ। मैं अपनी ड्यूटी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कर रहा हूँ।

और फिर भी मुझे पिछले 24 महीनों (दो वर्ष) से अधिक समय से मानदेय (Salary) का भुगतान नहीं किया गया है। मानदेय न मिलने के कारण मेरी और मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। घर का खर्च चलाना और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना अब मेरे लिए असंभव होता जा रहा है।

यह कि इस संबंध में मैंने कई बार संबंधित पंचायत प्रशासक और अन्य उच्च अधिकारियों से मौखिक और लिखित रूप में निवेदन किया है, परंतु उनकी ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया और न ही भुगतान की कोई कार्रवाई की गई है।

### ब्यावर में पत्र सूचना कार्यालय की क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला ''वार्तालाप'' का आयोजन आज

**चमकता राजस्थान/कमल साहू/ब्यावर।** मे 19, जनवरी, 2026 को भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर की ओर से होटल ग्रांड गीता, ब्यावर में कल 20 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला ''वार्तालाप'' का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में ब्यावर तथा जिले के अन्य कस्बों में कार्यरत मीडियाकर्मी भाग लेंगे। वार्तालाप का उद्देश्य, क्षेत्रीय मीडिया के बढ़ते प्रभाव के मद्देनजर, जिला स्तर पर कार्य कर रहे पत्रकारों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और सम-सामयिक विषयों के बारे में विस्तृत जानकारी देना है ताकि वे अपने प्रचार माध्यम से लोगों को जागरूक कर सकें। इस अवसर पर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर एक दिवसीय प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी सम्मेलन के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, विशिष्ट अतिथि ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत होंगे। अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर कमल राम मीना तथा पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर के निदेशक अनुभव बैरवा कार्यालय की गतिविधियों का ब्यौरा देने के साथ ही ''वार्तालाप'' के उद्देश्यों पर प्रस्तुतीकरण देंगे।

कार्यशाला के विभिन्न तकनीकी सत्रों में केंद्र व राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा दी जाएगी। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में पत्र सूचना कार्यालय, जयपुर द्वारा फीडबैक संकलन भी किया जाएगा।

## 23 जनवरी को होगा ऐतिहासिक मेगा पीटीएम, निपुण मेले का आयोजन

# वसंत पंचमी पर शिक्षा में सहभागिता का नया कीर्तिमान रचने की ओर राजस्थान

- 65 लाख अभिभावकों की भागीदारी का लक्ष्य
- कॉमर्स कॉलेज जयपुर में होगा राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करेंगे विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद
- नि:शुल्क साइकिल और ट्रांसपोर्ट वाउचर भी होंगे वितरित

चमकता राजस्थान

जयपुर। इस वसंच पंचमी पर राजस्थान शिक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय लिखने की दिशा में अग्रसर है। 23 जनवरी को प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में एक साथ मेगा पीटीएम का आयोजन किया जाएगा, वहीं सभी पीईईओ, यूसीईईओ स्तर के विद्यालयों में निपुण मेले का आयोजन होगा। यह कार्यक्रम न केवल राज्य का अब तक का सबसे बड़ा शैक्षिक सहभागिता आयोजन होगा, बल्कि अभिभावकों की सहभागिता के मामले में एक नया कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में भी एक निर्णायक कदम होगा।

इस अवसर पर राज्यभर के प्रत्येक राजकीय विद्यालय में मेगा पीटीएम आयोजित की जाएगी, जिसमें अभिभावक अपने बच्चों के शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं सर्वांगीण विकास से संबंधित जानकारी शिक्षकों से साझा मंच पर प्राप्त करेंगे।

इस ऐतिहासिक आयोजन में 65 लाख अभिभावकों की सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो 31 अक्टूबर को आयोजित पिछले मेगा पीटीएम में निर्धारित 41 लाख के लक्ष्य से कहीं अधिक है। शिक्षा के विकास में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी को सशक्त करने की दिशा में यह प्रयास राजस्थान को न केवल राष्ट्रीय, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी विशिष्ट पहचान दिलाएगा।

**मुख्यमंत्री विद्यार्थियों को देंगे सौगातें**

राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन कॉमर्स कॉलेज, जयपुर में किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 5 हजार विद्यार्थी, 1 हजार अभिभावक, 500 शिक्षक, कॉलेज शिक्षा विभाग से 5 हजार प्रतिभागी तथा कौशल शिक्षा से जुड़े 1 हजार प्रतिभागियों की उपस्थिति संभावित है। यह आयोजन विद्यार्थी, अभिभावक और शिक्षक की त्रिस्तरीय सहभागिता को एक मंच पर सशक्त रूप से प्रस्तुत करेगा।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिक्षा से जुड़ी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत निःशुल्क साइकिल वितरण, लगभग 4 लाख बालिकाओं को डीबीटी के माध्यम से राशि हस्तांतरण तथा 6 लाख विद्यार्थियों को ट्रांसपोर्टेशन वाउचर की राशि प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री लाभान्वित विद्यार्थियों से संवाद करेंगे और प्रदेशभर के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित भी करेंगे। प्रदेश के सभी जिलों के डीओआईटी केंद्रों के माध्यम से राज्य के सभी राजकीय विद्यालय, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर मुख्यमंत्री से वर्चुअली जुड़ेंगे।




**हर विद्यालय में होगी सरस्वती वंदना और कृष्ण भोग का आयोजन**

मेगा पीटीएम के दिन वसंत पंचमी होने से राज्य के सभी राजकीय विद्यालयों में सरस्वती वंदना की जाएगी और कृष्ण भोग का आयोजन किया जाएगा। यह पहल विद्यार्थियों को सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने के साथ-साथ विद्यालयों में सामूहिक सहभागिता एवं सकारात्मक वातावरण को भी सुदृढ़ करेगी।

**» निपुण मेला और निपुण राजस्थान से बुनियादी शिक्षा को मजबूती**

प्रदेश के सभी पीईईओ एवं यूसीईईओ विद्यालयों में निपुण मेले का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही कक्षा 1 से 5 के लिए निपुण राजस्थान कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बच्चों की पठन, लेखन एवं गणना क्षमता को गतिविधियों और प्रदर्शनों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। अभिभावक अपने बच्चों की सीखने की प्रगति को प्रत्यक्ष रूप से समझ सकेंगे।

**» युवाओं के लिए किए उल्लेखनीय कार्य**

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का मानना है कि युवाओं के परिश्रम को सही दिशा देकर ही देश और प्रदेश का तेजी से विकास संभव है। इस क्रम में राज्य सरकार ने 1 लाख भर्तियों का परीक्षा कैलेण्डर जारी किया है ताकि युवाओं को भर्तियों के लिए लम्बा इंतजार नहीं करना पड़ा। साथ-साथ नई युवा नीति एवं रोजगार नीति भी जारी की गई है, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं के साथ ही स्वरोजगार एवं उद्यम में रुचि रखने वाले युवा भी लाभान्वित हो सकेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल सभागार में एक उच्चस्तरीय समन्वय बैठक शासन सचिव स्कूल शिक्षा श्री कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के साथ कॉलेज शिक्षा विभाग, आरएसएलडीसी, नगर निगम, राजस्थान पुलिस, रोडवेज, चिकित्सा एवं जनसंपर्क विभाग सहित सभी संबंधित एजेंसियों की सहभागिता सुनिश्चित की गई।

## योजनाओं की प्रगति एवं गणतंत्र दिवस पूर्व तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

चमकता राजस्थान

**जुगलकिशोर बावल/ पाली।** जिला कलक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. बजरंग सिंह की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों से विभागवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।




बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से गणतंत्र दिवस पर प्रदर्शित की जाने वाली विभागीय झांकियों को लेकर विचार-विमर्श किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। झांकियों के लिए ट्रैक्टर व अन्य आवश्यक वाहनों की व्यवस्था परिवहन अधिकारी द्वारा किए जाने के निर्देश दिए गए। साथ ही साफ-सफाई, लाइटिंग, माइक, स्पीकर, पेयजल, बिजली, रंग-रोगन, पार्किंग, सुरक्षा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने किसान काश्तकारों को ऋण वितरण, फसल बीमा योजनाओं एवं किसान क्रेडिट कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत बैंकों के सक्रिय व निष्क्रिय खातों की जानकारी लेकर अधिक से अधिक खाताधारकों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए गए। पंच गौरव योजना के अंतर्गत स्वीकृत बजट से किए जा रहे कार्यों एवं व्यय की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

## सीवरेज ओवरफ्लो व दूषित जलापूर्ति के विरोध में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

चमकता राजस्थान

जुगलकिशोर बावल/पाली। शहर की ज्वलंत जनसमस्याओं–सीवरेज लाइन ओवरफ्लो एवं जलापूर्ति के दौरान सीवर के दूषित, बदबूदार पानी की मिलावट–के स्थायी समाधान की मांग को लेकर सोमवार को पाली कांग्रेसजन सड़क पर उतर आए। विधायक भीमराज भाटी एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष हकीम भाई के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पहले एलएंडटी व आरयूआईडीपी कार्यालय पर



तालाबंदी कर कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया।

धरना लगभग तीन घंटे तक चला। इस दौरान कांग्रेसजनों ने सीवरेज व्यवस्था की विफलता को लेकर जमकर नारेबाजी की और आमजन के स्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड़ पर गहरी नाराजगी जताई। अधिकारियों द्वारा सीवरेज लाइन एवं दूषित जलापूर्ति की समस्या के समाधान को लेकर लिखित आश्वासन देने के बाद यहां धरना समाप्त किया गया।

इसके पश्चात सभी कांग्रेसजन रैली के रूप में नगर निगम पाली कार्यालय पहुंचे, जहां निगम आयुक्त के कक्ष के बाहर धरना दिया गया। बाद में निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज के कार्यालय के गेट पर ताला लगाकर वहीं धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंचे निगम अधिकारियों ने समझाइश का प्रयास किया, लेकिन कांग्रेस नेता लिखित में समयबद्ध समाधान का आश्वासन मांग पर अड़े रहे।

### श्री राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर बाड़ी में कलश शोभायात्रा से धार्मिक आयोजनों का शुभारंभ



**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड की खबर।** श्री विनायक सेवा समिति द्वारा 18 जनवरी 2026 को श्री राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर बाड़ी में धार्मिक कार्यक्रमों का भव्य शुभारंभ विशाल कलश शोभायात्रा के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में बाड़ी उप जिला कलेक्टर (एसडीएम) भगवत शरण त्यागी ने माता रानी के चरणों में नतमस्तक होकर पूजा-अर्चना की। इसके पश्चात समिति के मुख्य सदस्यों द्वारा एसडीएम साहब का माता रानी का पटका एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन की गरिमामयी उपस्थिति रही। बाड़ी थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा, उप निरीक्षक हरवीर सिंह, महिला कांस्टेबल एवं संपूर्ण पुलिस स्टाफ का सनातन परंपरा के अनुसार पटका एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। एसडीएम भगवत शरण त्यागी ने ग्रीन सिग्नल दिखाकर माता रानी की विशाल कलश शोभायात्रा का शुभारंभ किया। कलश शोभायात्रा माता रानी के मधुर भजनों, हिंडौन से आए बैंड-बाजों और जयकारों के साथ बड़े ही धूमधाम एवं अनुशासित वातावरण में निकाली गई। यात्रा में महिलाएं, बच्चे एवं पुरुष श्रद्धालु उत्साहपूर्वक भजनों पर झूमते नजर आए। पुलिस प्रशासन द्वारा यातायात, सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था की सुदृढ़ व्यवस्था की गई, जिससे शोभायात्रा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख बाजारों से होते हुए पुनः माता रानी के मंदिर में पहुंची। समिति द्वारा आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। 19 जनवरी से करौली कैला माता मंदिर से पधारे विद्वानों द्वारा नौ दिवसीय दुर्गा सप्तशती पाठ प्रारंभ होगा। 24 जनवरी को महिला मंडल द्वारा गरबा एवं डांडिया, 25 जनवरी को भव्य फूल बंगला व छप्पन भोग, 26 जनवरी को पूर्णाहुति के साथ पाठ का समापन तथा 27 जनवरी को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष राजेंद्र उर्फ खन्ना, अध्यक्ष मनीष बंसल, कोषाध्यक्ष पवन गोयल, महामंत्री देवेंद्र गर्ग, सुनील गर्ग कंपनी परिवार, नीरज सोनी, अनिल मंगल, राघव, अमित, दुर्गा, छन्नो सहित महिला मंडल एवं समिति के समस्त सदस्यगण उपस्थित रहे।

## साहित्य के अनुष्ठान से दशा व दिशा मिलती है: डॉ. मंजू बाघमार

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. मंजू बाघमार ने कहा कि साहित्य की सेवा एक अनूठा अनुष्ठान है, जिससे समाज को दशा और दिशा मिलती है। उन्होंने संपर्क साहित्य संस्थान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि महिला सशक्तीकरण के तहत इस तरह के आयोजनों से महिलाओं को शक्ति और संबल मिलता है।

डॉ. मंजू बाघमार जयपुर में आयोजित संपर्क साहित्य संस्थान के आठवें वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान को बधाई देते हुए संस्थान की नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी का स्वागत किया।



आयोजन में देश के नामचीन 21 साहित्यकारों को संपर्क श्री सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर 7 पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम अध्यक्ष रोजियम ग्रुप के चेयरमैन अर्पित जैन, हिन्दी प्रचार-प्रसार संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अखिल शुक्ला, शिक्षाविद् डॉ. ऋत्विज गौड़, संपर्क साहित्य संस्थान के अध्यक्ष अनिल लढ़ा एवं महासचिव रेनू शब्दमुखर ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर संस्थान अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। मुख्य संरक्षक डॉ. आरती भदोरिया ने स्वागत करते हुए संपर्क के सेव बेटीझसेफ बेटी अभियान की जानकारी दी। महासचिव रेनू शब्दमुखर ने संस्थान की आठ वर्षीय साहित्यिक यात्रा की विस्तृत चर्चा की।

विशिष्ट अतिथि डॉ. अखिल शुक्ला ने साहित्य आंदोलन को इसी तरह आगे बढ़ाने का आ''ान किया। डॉ. ऋत्विज गौड़ ने साहित्य व शिक्षा के समन्वय से आगे बढ़ने एवं नवाचार की बात रखी। कार्यक्रम अध्यक्ष अर्पित जैन ने संस्थान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए हर संभव सहायता का विश्वास दिलाया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अविनाश शर्मा, मणिमला शर्मा उपस्थिति रही

कार्यक्रम का संचालन विजयलक्ष्मी जांगिड़ एवं सीमा वालिया ने किया।

**देश के ख्यातनाम साहित्यकारो का सम्मान**

समारोह के दौरान देश के वरिष्ठ साहित्यकारों को संपर्क श्री सम्मान से भी नवाजा गया । अतिथियों ने उन्हें दुपट्टा श्रीफल व सर्टिफिकेट प्रदान किए ।

बसंती पवार ,डॉ. बसंत सिंह सोलंकी, गोविंद भारद्वाज, हरि प्रकाश राठी, हरि राम मीणा, हेमंत शेष, हितेश व्यास, मधु खंडेलवाल, रिजवान एजाजी, मनोज कुमार शर्मा, मीठेश निर्मोही, डॉ नवल किशोर, सुधा जुगराज शर्मा, नवनीत पांडे, प्रेम आनंदकर, रवि पुरोहित रिजवान एजाज़ी, डॉ. सतीश कुमार, शिव कुमार शर्मा सम्मानित किए गए।

**इनको मिला सम्मान**

समारोह में अतिथियों द्वारा संपर्क शिरोमणि अवार्ड से डॉ. लताश्रीमाली एवं रेनू शब्दमुखर को सम्मानित किया गया।

संपर्क गौरव अवार्ड आशा शर्मा एवं ललिता कापड़ी को प्रदान किया गया।

इसी प्रकार संपर्क सेवा पुरस्कार से हिमाद्री समर्थ, सीमा वालिया, डॉ. कंचना सक्सेना, शशि कुड़ियाल, डॉ. बबीता वर्मा, सुनीता त्रिपाठी, शालिनी शर्मा, अनीता सिंह, डॉ. दीपाली वार्ष्णेय, पुष्पा माथुर, रमा भाटी एवं कमलेश शर्मा को सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही विशेष पुरस्कार मुकेश गुप्ता एवं विकास गौड़ को प्रदान किए गए।

## राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदान किया देवेंद्र जैमन को यूथ आइकॉन अवार्ड

# यूथ आइकॉन अवार्ड 2025-26 के लिए दौसा निवासी देवेंद्र जैमन का हुआ चयन

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर अवार्ड, युवाओं की पहचान बने देवेंद्र जैमन

### जैमन ने पत्रकारिता विश्वविद्यालय में किया गोल्ड मेडल प्राप्त,देश की अनेक राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में किया प्रथम स्थान प्राप्त, बचपन से ही कई नुक्कड़ नाटकों की दी प्रस्तुति

चमकता राजस्थान

जयपुर। राज्य में राजस्थान भाजपा सरकार द्वारा युवाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए ''राजस्थान यूथ आइकॉन पुरस्कार'' बजट घोषणा 2025-26 (बिंदु संख्या 67) के तहत यह पुरस्कार राष्ट्रीय युवा पुरस्कार की तर्ज पर स्थापित किया गया है, जिसके अंतर्गत राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे युवाओं का चयन किया गया, जिसमें दौसा निवासी देवेंद्र जैमन का चयन राज्य स्तरीय पुरस्कार के रूप में यूथ आइकॉन अवार्ड 2026 के लिए हुआ और सोमवार को उन्हें यह पुरस्कार प्राप्त हुआ।

दौसा निवासी देवेंद्र जैमन को यह राज्य स्तरीय पुरस्कार राजस्थान के एसएमएस स्टेडियम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय युवा दिवस (12 जनवरी) के अवसर पर राज्य युवा महोत्सव का आयोजन कार्यक्रम में प्रदान किया गया, यह राज्य स्तरीय पुरस्कार 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभाओं को दिया जाता है, जिन्होंने 29 वर्ष की आयु सीमा के मध्य रहते हुए राज्य और राष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपब्धियां हासिल की हैं।

पुरस्कार के लिए कला एवं संस्कृति, सामाजिक कार्य, विज्ञान संचार एवं प्रौद्योगिकी, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, कृषि, पर्यावरण, उद्यमिता, महिला सशक्तिकरण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसका उद्देश्य है कि राज्य के छिपे हुए युवा प्रतिभाओं को खोजकर उन्हें सम्मानित करना और प्रेरणा स्रोत के रूप में स्थापित करना।

राज्य स्तरीय यूथ आइकॉन अवार्ड प्राप्त करने वाले देवेंद्र जैमन युवा का एक परिचय एवं उपलब्धि

1. कार्य-क्षेत्र (Area of Contribution): समाजसेवा
2. नामः देवेन्द्र जैमन
3. आयु : 21 वर्ष
4. जिलाः दौसा,दौसा के फ़र्राशपुरा गाँव निवासी ,

युवा देवेंद्र की प्रेरणादायक यात्राः (कहाँ से कहाँ तक):

एक साधारण किसान परिवार की सादगी में देवेन्द्र जैमन का बचपन बीता। जहाँ सुख-सुविधाओं के नाम पर केवल परिवार का प्यार और बड़े सपने थे। पिता महेश कुमार शर्मा और माता गोदावरी देवी ने उन्हें केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि ₹परहित सरिस धरम नहिं भाई₹ के संस्कार दिए। यही कारण था कि जिस उम्र में बच्चे खिलौनों से खेलते हैं, देवेन्द्र ने समाज की समस्याओं को समझना शुरू कर दिया था। देवेन्द्र की यात्रा में सबसे बड़ा मोड़ तब आया जब उन्होंने मात्र 13 वर्ष की आयु में मंच संभाला। उन्होंने देखा कि समाज में महिला सुरक्षा और शिक्षा की कमी है। उन्होंने गलियों और मोहल्लों में 13 से अधिक नुक्कड़ नाटक किए। एक किसान पुत्र का इस तरह निर्भीक होकर सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार करना, उनके भीतर पनप रहे भावी जन-नायक की पहली झलक थी।

देवेन्द्र ने कभी अपनी आर्थिक पृष्ठभूमि को अपनी पढ़ाई के आड़े नहीं आने दिया। उन्होंने अपनी वैचारिक शक्ति को इतना धारदार बनाया कि 70 से अधिक राज्य और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी आवाज बुलंद की।

जैमन की प्रमुख उपलब्धियाँ

राज्य स्तरीय पुरस्कार राजस्थान यूथ आइकॉन अवार्ड प्राप्त करने वाले देवेंद्र जैमन ने ₹श्री राम चंद्र मिशन द्वारा आयोजित ₹अ'' क्ष्र्ल्ल एं२२८ ह्ड्ड३ल्ल४₹ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

2.उत्तर पश्चिम रेलवे की तरफ़ से आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

3.रोटरी क्लब द्वारा आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

4.उत्तर पश्चिम रेलवे की तरफ से आयोजित निबंध प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

5.वर्ष 2025 हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय जयपुर के स्नातकोत्तर (एम.ए) में प्रथम स्थान प्राप्त कर, गोल्ड मेडल के लिए चयनित हुआ।

7. प्रभाव व योगदान

कला के माध्यम से जागरूकताः देवेन्द्र ने मात्र 13 वर्ष की आयु से 13 से अधिक नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से महिला अधिकारों, शिक्षा और सुरक्षा के मुद्दों को उठाया। उन्होंने जटिल सामाजिक समस्याओं को कला के जरिए जन-जन तक पहुँचाया।

8.स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रांतिः 'बदलाव पॉइंट फाउंडेशन' के माध्यम से उन्होंने 600 से अधिक लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर आयोजित किए। संकट के समय में वे हमेशा एक 'मददगार स्तंभ' के रूप में खड़े रहे हैं।

9.कुरीतियों पर प्रहारः उन्होंने समाज में व्याप्त पुरानी कुरीतियों के विरुद्ध युवाओं को लामबंद किया और एक प्रगतिशील समाज की नींव रखने का प्रयास किया।

10.हरित संकल्पः वे केवल पर्यावरण की बात नहीं करते, बल्कि उसे जीते हैं। 17 वर्ष की आयु से शुरू किया गया ₹जन्मदिन पर 11 पौधे₹ का संकल्प आज एक सामूहिक अभियान बन चुका है।

11.ग्रीन कैंपस मुहीमः विश्वविद्यालय परिसरों को हरा-भरा बनाने के लिए उन्होंने 21 से अधिक परिडे लगवाए और 1100 से अधिक तुलसी के पौधों का निःशुल्क वितरण किया, जिससे लोगों में प्रकृति के प्रति संवेदना बढ़ी।

12.प्लास्टिक मुक्त समाजः उन्होंने वार्ड 65 में 'सिंगल यूज़ प्लास्टिक' के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति एक नया दृष्टिकोण पैदा किया।

13.छात्रों के 'सारथीः हरिदेव जोशी पत्रकारिता जनसंचार विश्वविद्यालय के 500 से अधिक छात्र-छात्राओं को एडमिशन, फीस संबंधी समस्याओं और प्रशासनिक कार्यों में सीधी मदद पहुँचाई। उन्होंने छात्र राजनीति को 'सत्ता' से हटाकर 'सेवा' की ओर मोड़ा।

युवाओ के लिए संदेश

हम ऐसे समाज में रहते हैं जहाँ सुंदरता को रंग से, शिक्षा को अंकों से, और सम्मान को पैसों से देखा जाता है... मगर 'समाज सेवा' हमें सिखाती है कि असली सुंदरता निस्वार्थ मन में, असली शिक्षा दूसरों के दर्द को समझने में, और असली सम्मान किसी के आँसू पोंछने में है।

समाज सेवा केवल दान नहीं समाधान है, युवाओं को यह समझना चाहिए कि समाजसेवा का मतलब सिर्फ भोजन या पैसे बाँटना नहीं है, असली सेवा वह जो समस्या की जड़ तक जाये।

दौसा निवासी देवेंद्र जैमन को इस महान उपलब्धि और राजस्थान यूथ आइकॉन अवार्ड प्राप्त करने के बाद में परिवार रिश्तेदार सहित राजस्थान के अनेक इलाकों से बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की जा रही है।



### मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने की 'माइन डायमंड फेस्टिवल' की घोषणा; डायमंड वैल्यू पर 30% तक की छूट

चमकता राजस्थान

नयी दिल्ली। भारत में डायमंड ज्वेलरी की खरीदारी के प्रति लोगों के नजरिए में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। पारंपरिक रूप से शादियों और बड़े पारिवारिक आयोजनों से जुड़े रहने वाले 'नैचुरल डायमंड' (प्राकृतिक हीरे) अब तेजी से अन्य अवसरों के लिए भी खरीदे जा रहे हैं, जिनमें कोई उपलब्धि हासिल करने पर उपहार देना, वर्षगांठ, करियर की उपलब्धियां, खुद के लिए खरीदारी और रोज़मर्रा की स्टाइलिंग शामिल है।

सीजन के दौरान बढ़ती मांग और तुलनात्मक खरीदारी को देखते हुए, यह समय ग्राहकों के लिए प्रमाणित नैचुरल डायमंड में निवेश करने का एक शानदार अवसर है। अपनी दुर्लभता, स्थायी मूल्य और कालजयी आकर्षण के लिए जाने जाने वाले इन हीरों पर कंपनी पूर्ण मूल्य स्पष्टता और सेवा का आश्वासन दे रही है। इसी पृष्ठभूमि में, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने अपने विशेष ब्रांड, 'माइन डायमंड्स' के प्रमाणित नैचुरल डायमंड आभूषणों के इन-स्टोर प्रदर्शन–'माइन डायमंड फेस्टिवल' की घोषणा की है। इस उत्सव के हिस्से के रूप में, ग्राहक नैचुरल डायमंड के मूल्य पर 30% तक की छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिससे प्रामाणिक नैचुरल डायमंड्स को बेहतर मूल्य पर खरीदने का यह एक अनूठा अवसर बन गया है। माइन डायमंड फेस्टिवल 10 जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक पूरे भारत में चलेगा।

माइन डायमंड फेस्टिवल में 'माइन डायमंड्स' का एक विस्तृत संग्रह पेश किया गया है, जिसमें सॉलिटेयर, उत्सवों के लिए तैयार डायमंड ज्वेलरी, हल्के वजन वाले रोज़मर्रा के गहने और ब्राइडल (वैवाहिक) संग्रह शामिल हैं। ग्राहक नेकलेस, झुमके, स्टड्स, अंगूठियां, लेयर्ड चेन और कोऑर्डिनेटेड सेट्स देख सकते हैं, जिनके डिज़ाइन साधारण और न्यूनतम स्टाइल से लेकर भव्य लुक तक उपलब्ध हैं। यह प्रदर्शनी पहली बार हीरा खरीदने वालों और अपने संग्रह को बढ़ाने या अपग्रेड करने की इच्छा रखने वाले ग्राहकों, दोनों की जरूरतों को पूरा करती है।

भरोसेमंद डायमंड खरीदारी पर ब्रांड के फोकस को दोहराते हुए, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के चेयरमैन, श्री एम. पी. अहमद ने कहा, ₹आज का ग्राहक ऐसे नैचुरल डायमंड्स चाहता है जो रोजमर्रा की जिंदगी में सहजता से फिट हो सकें और जिनमें प्रमाणन व मूल्य निर्धारण को लेकर पूर्ण स्पष्टता हो। 'माइन डायमंड्स' इसी भरोसे पर टिका है, जिसे प्रमाणित नैचुरल डायमंड्स, पारदर्शी मूल्य विवरण और एक सख्त गुणवत्ता प्रक्रिया के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है। माइन डायमंड फेस्टिवल के साथ, हम हीरे के मूल्य पर 30% तक की अतिरिक्त छूट दे रहे हैं, जबकि उस विश्वास को बरकरार रख रहे हैं जिसे ग्राहक मलाबार के साथ जोड़ते हैं।

माइन डायमंड फेस्टिवल के माध्यम से, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स अपने 'मलाबार प्रॉमिस' के जरिए ग्राहकों के विश्वास को और मजबूत कर रहा है। प्राकृतिक हीरे के प्रत्येक आभूषण को जिम्मेदारी से प्राप्त, प्रमाणित प्राकृतिक हीरों का उपयोग करके बनाया गया है और यह 28-चरणों की सावधानीपूर्वक गुणवत्ता जांच से गुजरता है। प्रत्येक उत्पाद के साथ आईजीआई या जीआईए प्रमाणपत्र दिया जाता है, जो गुणवत्ता और शिल्प कौशल का आश्वासन देता है।

ग्राहकों को मूल्यवर्धित सेवाओं का लाभ भी मिलता है, जिसमें आजीवन रखरखाव, एक वर्ष का मुफ्त बीमा और बायबैक गारंटी शामिल है। उत्पादों की कीमत को कुल वजन, पत्थर के वजन और मेकिंग चार्ज के स्पष्ट विवरण के साथ पारदर्शी रूप से प्रदर्शित किया जाता है, जिससे ग्राहक खरीदारी के हर चरण में जानकारीपूर्ण निर्णय ले सकें।

मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स नैतिक सोर्सिंग और अनुपालन-आधारित खरीद प्रथाओं का पालन करता है। सोना विशेष रूप से अधिकृत चैनलों के माध्यम से प्राप्त किया जाता है, जिसमें सोने की तस्करी, बाल श्रम और कर चोरी के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया जाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि विक्रय पर किसानों को मिलेगा उपहार, जायल मे 21 जनवरी को होगी लॉटरी

**चमकता राजस्थान/नागौर/जायल(प्रदीप कुमार डागा)।** राज्य में कृषि विपणन विभाग द्वारा कृषक उपहार योजना लागू की गई है। योजना के अंतर्गत किसानों को ई-नाम परियोजना के माध्यम से अपनी कृषि उपज का विक्रय करने एवं ई-भुगतान प्राप्त करने पर निःशुल्क उपहार कूपन प्रदान किए जा रहे हैं। इसके पश्चात मंडी स्तर पर ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से पुरस्कार वितरण किया जाएगा। यह लॉटरी 21 जनवरी 2026 को प्रातः 11.30 बजे कृषि उपज मंडी समिति, जायल में आयोजित की जाएगी। लॉटरी उन किसानों के लिए होगी जिन्होंने 1 जुलाई 2025 से 31 दिसंबर 2025 की अवधि के दौरान अपनी फसल का विक्रय किया है तथा उनको कूपन जारी किए गए हैं।

उक्त अवधि में गेट पास की विक्रय पर्चियों पर कुल 105 कूपन जारी किए गए हैं । योजना के तहत विक्रय की गई कृषि उपज के प्रत्येक 10,000 रुपये अथवा उसके गुणक पर एक निःशुल्क उपहार कूपन मंडी समिति द्वारा जारी किया जाता है।योजना के अंतर्गत मंडी स्तर पर प्रथम पुरस्कार 25,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 15,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 10,000 रुपये का है। इसी प्रकार खंड स्तर पर प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 30,000 रुपये तथा तृतीय पुरस्कार 20,000 रुपये तथा राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार 2.5 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1.5 लाख रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 1 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। कृषक उपहार योजना की ई-लॉटरी निकालने के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन राज्य सरकार द्वारा किया गया है

सभी किसान भाइयों से अपील की गई है कि वे 21 जनवरी 2026 को प्रातः 11.30 बजे कृषि उपज मंडी, जायल के समिति कार्यालय के बैठक हॉल में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहें।

### माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मंडी पीपाड़ शहर के आम चुनाव प्रक्रिया पुनः शुरू

**चमकता राजस्थान/पीपाड़ शहर/ मेहराम गहलोत।** माली (सैनी) सेवा संस्थान, सब्जी मंडी पीपाड़ शहर के आम चुनाव - 2025 को लेकर न्यायालय द्वारा जारी स्थगन आदेश हटाए जाने के पश्चात चुनाव प्रक्रिया पुनः प्रारंभ कर दी गई है।

चुनाव अधिकारी श्री रामकिशोर सांखला ने जानकारी देते हुए बताया कि अब चुनाव की आगामी कार्यवाही दिनांक 18 जनवरी 2026 से आगे जारी रहेगी। वहीं मतदान 25 जनवरी 2026 को प्रातः 8:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

मतदान समाप्त होते ही उसी दिन मतगणना कार्य किया जाएगा तथा परिणाम तत्काल घोषित किए जाएंगे।

चुनाव अधिकारी ने संस्थान के समस्त सदस्यों एवं उम्मीदवारों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों का ध्यान रखते हुए चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें।

### नगर निगम और व्यापारियों के बीच बनी सहमतिः तिब्बती मार्केट से हटा अतिक्रमण

- दुकानदारों को वेंडर जोन में शिफ्ट किए जाने की तैयारी



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने की दिशा में नगर निगम को बड़ी सफलता मिली है, जहाँ तिब्बती मार्केट के अवैध थलेदारों ने आपसी सहमति के बाद स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर मार्केट खाली कर दी है। नगर निगम द्वारा बार-बार दिए गए नोटिस और मुनादी के बाद, ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से बचने के लिए दुकानदारों ने निगम अधिकारियों से वार्ता की और स्वयं हटने का आश्वासन दिया। इसके सकारात्मक परिणाम स्वरूप, नगर निगम ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए इन सभी थलेदारों को 62 फुटा रोड स्थित नवनिर्मित वेंडर जोन में व्यवस्थित रूप से बसाने की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से शुरू कर दी है। नगरायुक्त ने स्वयं वेंडर जोन का निरीक्षण कर वहां साफ-सफाई और बुनियादी सुविधाओं के निर्देश दिए हैं, साथ ही दुकानदारों को मौके पर ही आवंटन पत्र वितरित किए जा रहे हैं ताकि उनका रोजगार बिना किसी बड़ी बाधा के सुचारू रूप से चल सके। निगम की इस पहल से जहाँ सड़कों से अवैध कब्जा समाप्त हुआ है, वहीं गरीब पटरी दुकानदारों को भी अब एक सुरक्षित और स्थायी स्थान मिल गया है।

### सडपूरा में घुमंतू समुदाय हेतु विशेष शिविर, प्रशासनिक पहचान से योजनाओं की राह हुई आसान




**चमकता राजस्थान/धौलपुर रामदास तरुण।** धौलपुर जिले की ग्राम पंचायत मसूरा के गांव सडपूरा में घुमंतू, अर्ध-घुमंतू एवं विमुक्त समुदाय के लोगों के लिए एक विशेष प्रशासनिक शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला कलेक्टर श्री निधि बी.टी. के आदेशानुसार तथा उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी के कुशल निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य वर्षों से उपेक्षित समुदाय को प्रशासनिक पहचान दिलाकर सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना रहा। शिविर में समुदाय के पात्र परिवारों से मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर आईडी, जनाधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों के आवेदन प्राप्त किए गए तथा उनका डाटा बेस तैयार किया गया। इससे भविष्य में इन परिवारों को सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार से जुड़ी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन में युवा चेतना फाउंडेशन धौलपुर की भूमिका सराहनीय रही। संस्था द्वारा ग्राम स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाकर घुमंतू समुदाय के लोगों को शिविर तक पहुँचाया गया। संस्था अध्यक्ष रामदास तरुण एवं उनकी टीम ने मौके पर ही दस्तावेजों के लिए आवेदन फार्म भरवाकर प्रशासनिक प्रक्रिया को सुगम बनाया। उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने शिविर स्थल पर उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया। कि जिन दस्तावेजों का निर्माण मौके पर संभव हो सका है, उन्हें तुरंत प्रभाव से बनाया गया, जो रह गए हैं, उन्हें शीघ्र ही आगामी चरणों में पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने बच्चों को अनिवार्य रूप से विद्यालय से जोड़ने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए समुदाय को प्रेरित किया। शिविर में विकास अधिकारी अनिल कुमार शर्मा, तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा, प्रचार-प्रसार अधिकारी राजेंद्र रावत, पुष्पेंद्र सिंह लवानिया, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी, मुकेश सिंह, पटवारी रोबिन कुमार सहित युवा चेतना फाउंडेशन धौलपुर के पदाधिकारी सुरेश चंद सेमल, विश्वेंद्र सिंह, रामनिवास, कप्तान सिंह एवं कबीर शरण उपस्थित रहे।

### भजनलाल सरकार की नीतियों और योजनाओं के लाभ को अंतिम पंक्ति में खड़ी महिला तक पहुंचाने के लिए महिला मोर्चा संकल्पित : राखी राठौड़

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** भाजपा की भजनलाल सरकार द्वारा महिलाओं के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महिला मोर्चा की प्रदेश स्तरीय बैठक भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष राखी राठौड़ ने की। बैठक में प्रदेशभर की सभी जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारी बहनों ने सहभागिता की। इस अवसर पर पंचायत स्तर तक योजनाओं के प्रचार-प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई तथा ''घर-घर जाकर महिला से महिला संवाद'' कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।



भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता प्रत्येक पंचायत में जाकर महिलाओं से सीधा संवाद करेंगी, उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगी तथा पात्र महिलाओं को योजनाओं का लाभ दिलाने में सक्रिय सहयोग करेंगी। बैठक में विशेष रूप से उज्ज्वला योजना, लखपति दीदी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं को प्राथमिकता के साथ प्रचारित करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि इन योजनाओं से महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हुआ है और वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार महिला सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सरकार की नीतियों एवं योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम पंक्ति में खड़ी महिला तक पहुँचे, यही भाजपा महिला मोर्चा का संकल्प है। उन्होंने महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे योजनाओं की सही एवं स्पष्ट जानकारी जन-जन तक पहुंचाएं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की इस मुहिम में पूरी निष्ठा और सक्रियता से भागीदारी निभाएं।

## भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन व प्राण, उनके सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा : कुमावत

चमकता राजस्थान

देवली कलां।रायपुर। दिलीप चौहान । कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार, स्नेह दिया उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा

ब्यावर - भाजपा के नवनियुक्त ओ.बी.सी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डां महेन्द कुमावत का जिले में प्रवेश करते ही अभूतपूर्व स्वागत हुआ। पदाधिकारियों सहित भाजपा कार्यकताओ ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष कुमावत ने रविवार को ब्यावर जिला मुख्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित किया। भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुमावत ने स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन व प्राण है। उनके सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार, स्नेह दिया उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया का सिरमौर बनेगा।



### संगठन को और मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हम सभी कार्यकर्ताओं की- कुमावत

भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुमावत ने कहा कि एक सप्ताह में दो घटनाएं मेरे जीवन में घटित हुईं, जिसमें पहली मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा, दूसरी घटना आज आप सभी कार्यकर्ताओं का जगह-जगह प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद मिला। इन दोनों घटनाओं को मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। पार्टी नेतृत्व ने आप सभी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से ही प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी अब और बढ़ गई है, क्योंकि मैं प्रदेशभर में संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाने में लगा रहूंगा। प्रदेश में भाजपा के कमल की चमक को और आगे ले जाने की जिम्मेदारी आप सभी कार्यकर्ताओं की है। हम सभी कार्यकर्ता पार्टी संगठन को और आगे ले जाने का कार्य करना है। कार्यकर्ताओं के लिए मैं दिन-रात खड़ा रहूंगा, आप सरकार के कायों को जन-जन तक पहुंचाएं। साथ ही कुमावत ने कहा कि भाजपा राजनीतिक दल के साथ एक परिवार है। पार्टी कार्यकर्ता परिवार के सदस्य हैं। पार्टी संगठन मजबूत हो, हर कार्यकर्ता को सम्मान महसूस हो, इसका मैं पूरा प्रयास करूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए मैं दिन-रात खड़ा रहूंगा।

## नगरीय विकास में गुणवत्ता, सुरक्षा और टिकाऊ विकास महत्वपूर्ण – प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग

# भारतीय मानक ब्यूरो एवं नगरीय विकास एवं आवासन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का शुभारंभ

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार के अधिकारियों/कार्मिकों के लिए दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा हैं जिसका सोमवार को जयपुर स्तिथ आरआईसी में शुभारंभ हुआ । इस कार्यशाला का उद्देश्य शहरी विकास, आवास एवं निर्माण सेवाओं से संबंधित क्षेत्रों में भारतीय मानकों की उपयोगिता, अनुपालन एवं उनके प्रभावी कार्यान्वयन के संबंध में जागरूकता एवं क्षमता संवर्धन करना है ।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता मुख्य अतिथि श्री देबाशीष पृष्टि,प्रमुख शासन सचिव, शहरी विकास एवं आवासन विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्री पृष्टि ने शहरी अवसंरचना, आवास एवं नागरिक सेवाओं में गुणवत्ता, सुरक्षा और टिकाऊ विकास सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की तेजी से बढ़ते शहरीकरण के दौर में अधिकारियों का तकनीकी रूप से सशक्त होना समय की आवश्यकता है। इस प्रकार की क्षमता संवर्धन कार्यशालाएं अधिकारियों को नवीन निर्माण तकनीकों, आधुनिक परियोजना प्रबंधन पद्धतियों एवं





सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। शहरी विकास परियोजनाओं की सफलता गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं भारतीय मानकों के प्रभावी अनुपालन पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि इक्र के मानकों को अपनाकर न केवल निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती है, बल्कि नागरिकों को सुरक्षित एवं टिकाऊ अवसंरचना भी उपलब्ध कराई जा सकती है। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग की अहम भूमिका है, इक्र मानकों के अनुरूप निर्माण कार्य कर हम अंतरराष्ट्रीय स्तर की निर्माण तकनीकों से कदमताल मिला सकते हैं ।

उद्घाटन सत्र के दौरान भारतीय मानक ब्यूरो, राजस्थान की निदेशक एवं प्रमुख, श्रीमती कनिका कालिया ने अपने उद्बोधन में बताया कि इक्र न केवल मानक बनाने वाली संस्था है, बल्कि यह सरकार, उद्योग और उपभोक्ताओं के बीच सेतु की भूमिका निभाता है। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में परियोजना प्रबंधन, भू-तकनीकी जांच, अच्छी निर्माण प्रथाएं, अग्नि एवं जीवन सुरक्षा, भवन सेवाएं, वॉटरप्रूफिंग, दिव्यांगजन हेतु सुगम्यता, नवीन सामग्री, गुणवत्ता परीक्षण, परिसंपत्ति प्रबंधन, रेट्रोफिटिंग तथा वर्षा जल संचयन जैसे विषयों को शामिल किया गया है। यह सभी विषय सीधे तौर पर नगरीय विकास विभाग के कार्यक्षेत्र से जुड़े हुए हैं और नगरीय विकास से संबंधित कार्यों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में सहायक हैं। इक्र द्वारा जारी मानक यह सुनिश्चित करते हैं कि लाभार्थियों को सुरक्षित आवास मिले, शहरों में टिकाऊ परिसंपत्तियां विकसित हों और नागरिकों को दी जाने वाली सेवाएं भरोसेमंद हों।

कार्यक्रम के दौरान बीआईएस के विशेषज्ञों द्वारा निर्माण सामग्री, भवन सुरक्षा, ऊर्जा दक्षता, जल एवं स्वच्छता, स्मार्ट सिटी से जुड़े मानकों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों के साथ संवादात्मक सत्र के माध्यम से उनके प्रश्नों का समाधान किया गया।

कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, जयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान आवासन मंडल, सार्वजनिक निर्माण विभाग आदि के लगभग 110 से अधिक अधिकारी एवं अभियंता उपस्थित रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### वाणी प्रदूषित मुक्ति संस्थान का वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न



**चमकता राजस्थान/भरतपुर। ब्यूरो चीफ श्याम सुन्दर वर्मन।** वाणी प्रदूषण मुक्ति संस्थान का 36वां वार्षिक सम्मेलन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता काका रघुराज सिंह ने की, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद पंडित रामकिशन थे। उन्होंने कहा कि आज का युग उलझनों का युग है, इसमें पर्यावरण प्रदूषण, आतंकवाद, उग्रवाद एवं वाणी का प्रदूषण देश दुनियां में भरपूर है, अध्यक्षयीय उद्बोधन देते हुए काका रघुराज सिंह ने कहा कि राजनीति में वाणी प्रदूषण सबसे ज्यादा हो रहा है। नेताओं को वाणी का संयम रखना चाहिये। सभी वाद विवादों को छोड़कर आध्यात्मिकता को अपनाना चाहिये। डा. प्रदीप डागुर ने कहा कि आज 90 प्रतिशत लोग असामान्य मनोवृति में जी रहे हैं, या तो सुपीरियर और या इन्फीरियर मानसिकता से पीड़ित हैं। संतुलित मानसिकता से शरीर के 60 प्रतिशत रोग समाप्त होते हैं।

डा. मौहकम सिंह योगाचार्य ने सहज योग पर बोलते हुए मूलाधार चक्र से लेकर सहस्त्रार चक्र तक सातों चक्रों की व्याख्या करते हुए कुण्डलनी जाग्रति के आयाम बताये व योग कराया। डा. दिनेश उपाध्याय ने ऋतु आधारित, खट्टा, मीठा लवण, तीखा एवं कड़वे आहारों को संतुलित रूप में लेने की सलाह दी। इस अवसर पर साहित्यकार उमाशंकर वशिष्ठ को साहित्य के क्षेत्र में अरविंद कुमार कुरका को रक्तदान के क्षेत्र में एवं लक्ष्मीनारायन गुप्ता पूर्व मुंसिफ को समाज सेवा के क्षेत्र में अभिनन्दन किया। लक्ष्मीनारायन गुप्ता ने कहा कि हमें तीन फैक्ट्रियां खोलनी हैं, कोल्ड स्टोरेज मस्तिष्क में, सुगर फैक्ट्री जुवान में और दिल में लव फैक्ट्री खोलनी चाहियें, इससे हम पूर्ण धनवान हो जायेंगे, तब ही जीवन सार्थक कट पायेगा।

### पाले व अत्यधिक सर्दी से सोनामुखी फसल को भारी नुकसान, किसानों ने मांगी आर्थिक राहत



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** जिले में पाले व अत्यधिक सर्दी के कारण असिंचित क्षेत्र की प्रमुख औषधीय नकदी फसल सोनामुखी को भारी नुकसान हुआ है। इसको लेकर किसान संघर्ष समिति फलोदी ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर प्रभावित किसानों को आर्थिक राहत देने की मांग की है।

किसानों का कहना है कि सोनामुखी कम पानी में तैयार होने वाली फसल है, जिससे वर्ष में 3 से 4 बार उपज मिलती है। यह फसल असिंचित क्षेत्रों के छोटे व सीमांत किसानों की आय का मुख्य साधन है, लेकिन इस वर्ष पाले के कारण पूरी फसल नष्ट हो गई है। विशेष रूप से उन गांवों में ज्यादा नुकसान हुआ है जहां बोरवेल का पानी नगण्य है। समिति ने प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल सर्वे करवाकर किसानों को उचित मुआवजा व सहायता प्रदान की जाए। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र राहत नहीं दी गई तो मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

## मुख्य सचिव ने 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम के तहत प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

चमकता राजस्थान

**देहरादून । (दीपक शर्मा बामनवास)।** मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन ने आज ननूरखेड़ा स्थित राजीव गांधी नवोदय विद्यालय पहुंचकर 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम के तहत प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि हर बच्चा खास होता है। उसमें कोई न कोई विशेषता अवशय होती है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्रतिभा पहचानने की आवशयकता है। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं परिजनों





से भी अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों की प्रतिभा को पहचानते हुए आगे बढ़ाने का प्रयास करें ।

मुख्य सचिव ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि वे 'शिक्षा की बात' कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए इसमें उद्योगपतियों, वैज्ञानिकों, प्रोफेसर और विभिन्न क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहे व्यक्तियों को भी जोड़ें ।ताकि बच्चों को उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त हो। उन्होंने शिक्षा की बात कार्यक्रम को अन्य सभी विद्यालयों में भी शुरू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि क्लस्टर विद्यालयों से इसकी शुरूआत करते हुए सभी को इससे जोड़ा जाए।

मुख्य सचिव ने इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों द्वारा तैयार साइंस प्रोजेक्ट्स का भी अवलोकन किया । उन्होंने बच्चों से भी संवाद किया। छात्रों के प्रोजेक्ट्स की प्रशंसा करते हुए उन्होंने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए बच्चों को देहरादून भ्रमण कराए जाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चों को कौशल विकास विभाग के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का भी भ्रमण कराया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों के भ्रमण कार्यक्रम भी लगातार आयोजित किए जाने चाहिए। इससे उनको किताबी ज्ञान के अलावा अन्य बहुत सा व्यावहारिक ज्ञान और जानकारियां मिलेंगी।

इस अवसर पर सचिव श्री रविनाथ रामन एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा श्री मुकुल सती सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रभात फेरी के माध्यम से भाव जागरण का कार्य

- **हिंदू सम्मेलन द्वितीय चरण, रविवार 25 जनवरी को**
- **बाल समन्द, श्रीराम बस्ती में हुआ भूमि पूजन**



**चमकता राजस्थान/नागौर(प्रदीप कुमार डागा)।** समर्थ सक्षम हिंदू, समर्थ सक्षम राष्ट्र की अवधारणा को लेकर राष्ट्रव्यापी हिंदू सम्मेलन आयोजन की श्रृंखला में द्वितीय चरण के हिंदू सम्मेलन रविवार 25 जनवरी को होंगे। नागौर जिला मुख्यालय के विभिन्न मंडल की चार बस्तियों में यह सम्मेलन आयोजित होंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी व भाव जागरण की दृष्टि से चारों बस्तियों में प्रभात फेरी के माध्यम से जागरण कार्य जारी है। इसी के साथ ही घर-घर संपर्क करके राम भोग के लिए एक-एक मुट्ठी अन्न एकत्र किया जा रहा है। बालसमन्द बस्ती व श्रीराम बस्ती द्वारा हिन्दू सम्मेलन की कड़ी में दूसरे दिन भी प्रभात फेरी निकाली गई। बस्ती के मुख्य मार्गों से निकाली गई इस प्रभात फेरी में आयोजन समिति के सदस्यों में गांठ मन नागरिकों सहित मातृ शक्ति द्वारा सहभागिता दी गई बालसमंद बस्ती में तत्पश्चात हनुमानप्रसाद दाधीच व नितेश दवे ने बालसमन्द शाखा स्थल पर भूमि पूजन सम्पन्न करवाया। इस अवसर पर मातृशक्ति के रूप में संगीता बजाज, सरिता चांडक, दीपिका चांडक, चंदा अटल, सुनीता गहलोत, अंजना अग्रवाल, सरिता पारीक की सहभागिता रही।

आयोजन समिति के सुरेश पारीक, कमल किशोर अग्रवाल, अनिल पारीक, राम अवतार चांडक, धर्मेंद्र शर्मा, संदीप जांगीड़, संजय सोनी, डॉ. पल्लव शर्मा, प्र''ाद प्रजापत, मोहित अग्रवाल, लक्ष्मीकांत सारड़ा सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसी प्रकार श्री राम बस्ती में भी कार्यक्रम स्थल पर मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन आयोजन समिति की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इसी प्रकार श्री राम शाखा क्षेत्र में श्रीराम मंदिर के पास विराट हिन्दू सम्मेलन हेतु दोपहर सवा एक बजे भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ ।इस अवसर पर संरक्षक प्रेम जांगीड़ और संयोजक राधेश्याम गोदारा उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन विधि विधान से संपन्न हुआ।

## मनरेगा बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस का जन आंदोलन, ग्रामीणों में रोष





**चमकता राजस्थान/भरतपुर (राजवीर सिंह)।** केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलने के निर्णय के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा ''मनरेगा बचाओ अभियान'' के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में बैठक एवं जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, किसान, मजदूर एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुरारीलाल मीणा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री हरस्वरूप शर्मा ने की।बैठक में गिरीश जौहरी (सांसद प्रतिनिधि) विशेष रूप से मौजूद रहे।मुख्य अतिथि मुरारीलाल मीणा ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और किसान के जीवन की रीढ़ है। इसका नाम बदलना जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा को कमजोर करने की किसी भी साजिश के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी। अध्यक्षीय संबोधन में हरस्वरूप शर्मा ने कहा कि मनरेगा से ग्रामीणों को 100 दिन का रोजगार मिलता है, जिससे पलायन रुकता है। केंद्र सरकार को नाम बदलने के बजाय मजदूरी बढ़ाने और समय पर भुगतान सुनिश्चित करना चाहिए।

कार्यक्रम में रामेश्वर दयाल जाटव (ऊंच), पुष्पेंद्र गुजर (पूर्व जिला पार्षद), चेतराम जाटव, मदनलाल बिहारिया, तुषार (एनएसयूआई जिला महासचिव) एवं अनुभव शर्मा ने भी संबोधित किया और मनरेगा बचाने का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम में

प्रशांत उपाध्याय, भरत गादोली, हरमोहन शर्मा, लाखन करीली, भूपेंद्र फौजदार, प्रभाव चौधरी सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

अंत में सभी उपस्थितजनों ने एक स्वर में कहा कि मनरेगा मजदूरों के अधिकारों की योजना है और कांग्रेस पार्टी इसे कमजोर नहीं होने देगी।

## मुंबईकरों के मुद्दों पर महानगर पालिका में अपनी आवाज़ उठाएं झ्र सांसद वर्षा गायकवाड़

- **कांग्रेस पार्टी में लोकतंत्र है, हर किसी को अपनी बात कहने का हक है, अगर कोई बुराई करता है तो पार्टी लीडरशिप उस पर फैसला लेगी।**
- **मुंबई में नए चुने गए कांग्रेस नगरसेवकों को सांसद वर्षा गायकवाड़ ने सम्मानित किया।**



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/मुंबई।** मुंबई महानगर पालिका चुनाव में कांग्रेस पार्टी के 24 नगरसेवक जीते हैं। इन नए चुने गए नगरसेवक को मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष , सांसद वर्षा गायकवाड़ ने सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री विधायक असलम शेख, विधायक अमीन पटेल, मुंबई कांग्रेस स्पोक्सपर्सन सुरेश चंद्र राजहंस और मुंबई कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद थे।

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि महानगर पालिका चुनाव में एक तरफ मनी पावर थी, बहुत सारे पैसे बांटे गए, विरोधी पार्टी को धमकाया गया। सारी मशीनरी रूलिंग पार्टी के लिए काम कर रही थी, जबकि दूसरी तरफ पब्लिक पावर थी। लोगों ने कांग्रेस पार्टी पर भरोसा करके 24 कॉर्पोरेटर चुने हैं। बहुत ही मुश्किल हालात में कांग्रेस वर्कर ने बहुत मज़बूती से लड़ाई लड़ी है। भले ही हमारी संख्या कम है, हम मुंबईकरों के मुद्दों पर महानगर पालिका में आवाज़ उठाएंगे।

## मंडलेश्वर में भव्य हिंदू सम्मेलन संपन्न 10 हजार से अधिक लोगों की सहभागिता





**चमकता राजस्थान/खरगोन/मंडलेश्वर।** नगर में रविवार को भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की सहभागिता रही। सम्मेलन का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। सम्मेलन में विशेष अतिथि के रूप में 1008 महंत रामदास जी महाराज अंतेश जी व्यास एवं कीर्ति पाटीदार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति की सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही।अपने उद्बोधन में 1008 महंत रामदास जी महाराज ने कहा कि विगत हजार वर्षों तक भारत पर विदेशी विधर्मी आक्रमणकारियों का शासन इसलिए रहा क्योंकि समाज बंटा हुआ था। उन्होंने कहा कि आज युद्ध का स्वरूप बदल चुका है अब शस्त्रों से नहीं बल्कि बौद्धिक आक्रमण के माध्यम से समाज को कमजोर किया जा रहा है। महंत जी ने जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी का उल्लेख करते हुए कहा कि कबीर दास की पहली घर वापसी उन्हीं के द्वारा कराई गई थी और आज भी समाज में इसकी आवशयकता है।उन्होंने कहा कि आज विश्व गीता पर शोध कर रहा है पीएचडी कर रहा है, लेकिन हम स्वयं गीता पढ़ना भूलते जा रहे हैं। उन्होंने समाज से धर्म और शास्त्रों की ओर लौटने तथा बच्चों को अच्छे संस्कार देने का आ''ान किया।अंतेश जी व्यास ने मंडलेश्वर को मंडन मिश्र की नगरी बताते हुए कहा कि यहां की पनिहारन भी संस्कृत श्लोकों का उच्चारण कर देश का गौरव बढ़ाती हैं। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि हमारा जन्म इस पावन भूमि पर, सनातन धर्म में और मां नर्मदा के तट पर हुआ है।

## एक जिला - एक खेल'' पंच गौरव योजना के अंतर्गत आज जवाजा ब्लॉक में हॉकी चयन ट्रायल का सफल आयोजन किया

चमकता राजस्थान

**कमल साहू/ब्यावर।** राजस्थान सरकार की पंच गौरव योजना अंतर्गत हॉकी चयन स्पर्धा (बालक एवं बालिका) जवाजा ब्लॉक में 90 खिलाड़ियों ने दिया ट्रायल, बालिका वर्ग में दिखा विशेष उत्साह राजस्थान सरकार की ''एक जिलाझ्रएक खेल'' पंच गौरव योजना के अंतर्गत आज जवाजा ब्लॉक में हॉकी चयन ट्रायल का सफल आयोजन किया गया। इस चयन स्पर्धा में बालक एवं बालिका वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

जिला खेल अधिकारी, ब्यावर दिनेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि माननीय जिला कलेक्टर श्री कमल राम मीणा के निर्देशानुसार आयोजित इस चयन प्रक्रिया



में कुल 90 खिलाड़ियों ने भाग लिया।चयन प्रक्रिया के दौरान खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट एवं स्किल टेस्ट लिया गया, जिसमें ड्रिब्लिंग, पासिंग, शूटिंग सहित अन्य तकनीकी क्षमताओं का गहन मूल्यांकन किया गया।विशेष रूप से बालिका वर्ग में खिलाड़ियों का जोश, अनुशासन एवं खेल के प्रति समर्पण सभी के लिए प्रेरणादायक रहा दिनेश चौधरी ने बताया कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों को शीघ्र ही 7 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर में सम्मिलित किया जाएगा, जहाँ उन्हें वैज्ञानिक पद्धति से उन्नत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य जिले की खेल प्रतिभाओं को निखार कर उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।इस अवसर पर चयनकर्ता गोविंद लाल सैनी, दीप सिंह, करनदीप सिंह, प्रशिक्षक मनीष गहलोत, गजेंद्र गोस्वामी भरत सैन सुनील , नेनी देवी मनीष शर्मा ,हितेश सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज से, करण सिंह राजपुरोहित बने राजस्थान टीम के मैनेजर

चमकता राजस्थान

**प्रवीण सिंह ओड पाली/ ब्यूरो रिपोर्ट सीकर।** राष्ट्रीय खेल जगत के लिए आज का दिन विशेष महत्व रखता है। 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ आज 19 जनवरी से एसबीएस क्रिकेट अकादमी, सीकर में होने जा रहा है। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में देशभर से विद्यालयी टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिससे खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में साहेब सिंह वर्मा तथा राजस्थान सरकार के जल संसाधन मंत्री झाबर सिंह खरा की गरिमामयी



उपस्थिति रहेगी। यह प्रतियोगिता उभरती हुई युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पहचान दिलाने का सशक्त मंच बनेगी। इसी महत्वपूर्ण आयोजन के साथ राजस्थान के खेल प्रशासन को नया नेतृत्व मिला है। राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी रहे करण सिंह राजपुरोहित तालका को राजस्थान टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। सहायक मैनेजर दिलकांत सिंह माछरा तथा टीम के कोच मोहमद यूनिस और सहायक कोच कैलाश चंद्र जाट है

» राष्ट्रीय खिलाड़ी से राजस्थान टीम मैनेजर तक – करण सिंह राजपुरोहित की ऐतिहासिक उपलब्धि

सीकर में राजस्थान के खेल इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर चुके करण सिंह राजपुरोहित अब राजस्थान टीम के मैनेजर की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह उपलब्धि उनके अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है।

अपने खेल जीवन में उन्होंने मैदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ नेतृत्व की मिसाल पेश की। अब वही अनुभव वे टीम प्रबंधन और खेल प्रशासन में उपयोग कर रहे हैं। खिलाड़ियों की मानसिकता, उनकी चुनौतियों और आवश्यकताओं को जमीनी स्तर से समझने के कारण उनकी नियुक्ति को खिलाड़ियों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वर्तमान में उनके कुशल मार्गदर्शन में 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जा रहा है, जो उनकी संगठनात्मक क्षमता और नेतृत्व कौशल को दर्शाता है। खेल विशेषज्ञों और खेल प्रेमियों का मानना है कि करण सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में राजस्थान की टीम नई ऊँचाइयों को छुएगी और प्रदेश के खेल परिदृश्य को नई दिशा मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### गणतंत्र दिवस पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ललिता मीणा होगी राष्ट्रपति एट होम कार्यक्रम,में सम्मानित

**चमकता राजस्थान/(साबिर मोहम्मद)गंगापुर सिटी।** पास गांव, निवासी, ललिता मीणा आंगनबाड़ी केंद्र शिवाला प्रथम, सेवाला ,सेक्टर पीलोदा ,तहसील गंगापुर सिटी जिला सवाई माधोपुर को राष्ट्रपति एट होम पुरस्कार से नवाजा जा रहे हैं जिन्होंने आंगनबाड़ी के क्षेत्र में महिला बाल विकास विभाग की ओर से सर्वोच्च कार्य करते हुए पोषण ट्रैक्टर और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए श्रेष्ठ कार्य किया । उनके इस उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें राष्ट्रपति की तरफ से राष्ट्रपति एट होम गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर सम्मान से नवाजा जा रहा है ।इस क्रम में में राष्ट्रपति एट होम के कार्यक्रम पर उपस्थित होने का एक सर्वोच्च अवसर मिला ललिता मीणा की ओर से बताया गया कि उन्हें पुरस्कार के लिए समेकित बाल विकास सेवाएं विभाग को एवं महामहिम राष्ट्रपति महोदय को विशेष धन्यवाद प्रेषित किया।



### सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी की माताजी की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित

● युवाओं ने किया 111 यूनिट रक्तदान



**चमकता राजस्थान/विष्णु जीनगर सांचौर।** सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी की माताजी स्वर्गीय चमनी देवी की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर भादरूणा निवास पर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर आंजणा रक्त मित्र एप तथा बी. लाल ब्लड बैंक के तत्वावधान में संपन्न हुआ, इस शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए कुल 111 यूनिट रक्तदान किया। प्रथम पुण्यतिथि पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर स्वर्गीय चमनी देवी के फोटो के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर परिवार की ओर से श्रद्धांजलि स्वरूप गौसेवा का संकल्प भी लिया गया। इसके तहत विभिन्न गोशालाओं में कुल 11 लाख रुपये का दान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान रक्तदान को महादान बताते हुए युवाओं से सामाजिक कार्यों में आगे आने की अपील की गई।

### पाली – मां के स्वर्गवास पर शिक्षक ने शिक्षा कोष में की भावपूर्ण भेंट



**चमकता राजस्थान/जुगलकिशोर बावल/ जीवन्द कलां।** पाली जिले के रामपुरिया भाटियान गांव निवासी शिक्षक ओमसिंह भाटी ने अपनी माताजी के स्वर्गवास के उपरांत बारहवें की रस्म के अवसर पर समाजहित में प्रेरणादायी पहल करते हुए राजपूत समाज की होनहार एवं आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं की शिक्षा के लिए 11,000 रुपये की राशि राजपूत शिक्षा कोष में भेंट की।

यह राशि राजपूत शिक्षा कोष के सचिव श्यामसिंह सजाडा को सौंपी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि एक शिक्षक ही शिक्षा के वास्तविक महत्व को भली-भांति समझता है और बालिकाओं की शिक्षा के प्रति ऐसी सोच समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

शिक्षक ओमसिंह भाटी द्वारा माताजी की स्मृति में शिक्षा के क्षेत्र में किया गया यह योगदान न केवल मानवीय संवेदनाओं को दर्शाता है, बल्कि बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक सार्थक कदम भी है। कार्यक्रम में उपस्थित राजपूत समाज के गणमान्य नागरिकों ने इस पुनीत कार्य के लिए शिक्षक ओमसिंह भाटी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके सामाजिक सरोकारों की सराहना की।

# चोली हिंदू सम्मेलन में संतों ने दिया समरसता का संदेश

## वक्त्ता बोले संघ शताब्दी संकल्प सिद्धि का वर्ष।

चमकता राजस्थान

लखन ठाकुर की रिपोर्ट/चोली । मैं रविवार शाम 4:00 बजे को धर्म संस्कृति और सामाजिक समरसता का भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित हुआ। स्कूल ग्राउंड में वृंदावन ग्राम चोली में हजारों समाज जनों ने धर्मो रक्षति रक्षितः के जय घोष के साथ कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित के साथ किया इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त उच्च नीच के भेदभाव को समाप्त कर सशक्त और संगठित राष्ट्र का निर्माण करना था सम्मेलन में जाति-पाति के बंधन को तोड़ कर हर समाज जन को एक जाजम पर बैठाया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से राष्ट्रभक्ति का उत्साह छाया आयोजन में संजय मेवाडे द्वारा भगवा झंडा छाई गयो रे महेश्वर तहसील म। एवं गुर्जर मोना , चोली के मंडलियों द्वारा एक तारा भजन



प्रस्तुत किया गया। वही पोटली पूरा मां भवानी ग्रुप द्वारा वीर शिवाजी पर नृत्य कर छावा फिल्म पर आकृषित प्रस्तुति दी जिसमें उपस्थित जनसमूह भावुक हो उठा।

सह भोज में बिना भेदभाव सामाजिक समरसता का भाव रखते हुए हजारों जन ने साथ भोजन किया सम्मेलन का सबसे प्रेरक दृश्य सह भोज के दौरान दिखा जिसमें आकर्षण का केंद्र यह रहा कि पूरे देश में कहीं नहीं दिखा होगा। जहां ग्राम चोली की महिलाओं का समर्पण भाव से हर घर से दो पूर्ण रोटी बनाकर भोजन स्थल पर परोसा गया जहां जनसमूह को देसी भोजन दाल चावल कडी रोटी का स्नेह भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व भगवा मित्र मंडल एवं चोली मंडल के सम्मिलित ग्राम वासियों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। इस आयोजन में भगवा मित्र मंडल एवं चोली मंडल के ग्राम बर्दिया चोली शालीपुरा बबलाई सिरसिया गुर्जर मोना टांगेप्लांट ककवाड़ा एवम समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से हिंदू सम्मेलन संपन्न हुआ।

# आक्रोश में विद्यार्थियों ने लगाया कॉलेज के ताला



**चमकता राजस्थान/नागौर।** श्री बलदेव राम मिर्धा महाविद्यालय नागौर में सोमवार को सुबह महाविद्यालय के बीएसी चतुर्थ सेमस्टर एवं सैंकण्ड सेमेस्टर के परिणाम से अस्तृष्ट विद्यार्थियों ने मुख्य गेट पर ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान धनेश भाकर ने बताया कि पिछले दिनों एमडीएसयू यूनिवर्सिटी द्वारा बीएसी चतुर्थ एवं सैंकण्ड सेमेस्टर के परिणाम जारी किये थे। उसमें महाविद्यालय के अस्सी प्रतिशत विद्यार्थियों के एक या दो पेपर में दो, चार, आठ, दस एवं बारह अंक देकर फैल कर दिया गया हैं। जबकि उसी विद्यार्थी के जब बारहवीं कक्षा में नब्बे प्रतिशत अंक होने पर ही राजकिय महाविद्यालय में प्रवेश मिलता है अन्यथा प्रवेश ही नहीं मिलता हैं। उन्हीं विद्यार्थियों के आज पेपर में दो, चार, आठ, दस एवं बारह अंक के साथ फैल कर विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा हैं। तथा इनके बाद समस्त विद्यार्थियों ने मिलकर प्राचार्य हरसुख जी छरंग को परीक्षा नियंत्रक एमडीएसयू अजमेर के नाम ज्ञापन सौंपकर परीक्षा परिणाम में संशोधन करवाने की माँग की हैं।

इस दौरान धनेश भाकर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष हनुमान लोमरोड़, छात्रनेता दिनेश देवासी, मनोज मेघवाल, रामकुवांर सांगवा, रामवतार मेघवाल, कमल मेघवाल, राकेश ताड़ा, संदिप सिंह नरुका, विकास ज्याणी, ममता, इंद्रा, हिमांशी, संजू, ममता भादू, रविन्द्र, सुरेश एवं रामलाल सहित अन्य छात्र उपस्थित रहें।

# हरिराम मीणा को रेसा वीपी का निर्विरोध जिलाअध्यक्ष निर्वाचित किया



**चमकता राजस्थान/बूँदी।** राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद रेसा वीपी उप प्राचार्यों की जिला कार्यकारीणी के चुनाव रेसा वीपी संगठन के मुख्य संरक्षक भंवरलाल गुर्जर तथा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल धुंवा के निर्देशानुसार रविवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय विकास नगर बूंदी में निर्विरोध संपन्न हुए इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कुमार माथुर प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बूंदी तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी हेमराज मीणा उपप्राचार्य पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कोठी नातमाम टोंक तथा प्रदेश चुनाव पर्यवेक्षक हरिनारायण मीना उपप्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डूंगरी कला एवं अतिथि मनीष कुमार निम्बेल, श्रीलाल प्रधानाचार्य तथा वरिष्ठ सदस्य रामगोपाल मीणा की देखरेख में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर हरिराम मीणा, जिला मंत्री पद पर राजेंद्र सिंह हाडा, सभा अध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश प्रजापत, कोषाध्यक्ष पद पर आशीष शर्मा, जिला महिला मंत्री पद पर ममता बनवाल, निर्वाचित तथा जिला संगठन मंत्री सोहन लाल प्रजापत, जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश मीणा, प्रचार मंत्री ओमप्रकाश वर्मा, उपकोषाध्यक्ष हरिशंकर मीणा, उपसभाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन, जिला संयुक्त मंत्री रामदयाल बैरवा तकनीकी एवं विधि मंत्री डा.जाकिर हुसैन अंसारी के पाटन से सहमंत्री शिवराज मीणा

हुए निर्वाचन प्रक्रिया पश्चात सभी निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलवाई गई निर्वाचित जिला अध्यक्ष हरिराम मीणा ने सभी अतिथियों सदस्यों का आभार व धन्यवाद प्रकट किया तथा बताया कि मैं इस पद पर रहते हुए पूर्ण निष्ठा जिम्मेदारी से अपना कार्य करूंगा तथा सदस्यों की मांगों को संगठन तथा सरकार के पास उचित समय पर पहुंचाते रहूंगा ।

# स्वामी रामानंदाचार्य की 726वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई

## खाटू श्याम मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान और भजन-कीर्तन का हुआ आयोजन; समाज के वरिष्ठ जनों ने समाज की एकता और संस्कारों पर दिया जोर

चमकता राजस्थान

**उन्हेल नागेश्वर/गोवर्धन सिंह।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखण्ड क्षेत्र के चौमहला कस्बे में वैष्णव बैरागी समाज द्वारा रविवार को भक्ति आंदोलन के प्रणेता और समाज के आराध्य देव जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य महाराज की 726वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कस्बे के श्री खाटू श्याम जी मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन उमड़े।

● **आरती व भजनों से धर्ममय हुआ वातावरण**

समारोह की शुरुआत भगवान रामानंदाचार्य महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद महिलाओं और पुरुषों ने सामूहिक रूप से आरती की और मधुर भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। समाज के विद्वानों ने महाराज के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने मध्यकाल में समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर कर समानता और भक्ति का मार्ग प्रशस्त किया था।



### समाज की एकता और संस्कारों पर मंथन

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने समाज की एकजुटता पर बल दिया। वरिष्ठ जनों ने कहा कि वर्तमान समय में नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और धार्मिक संस्कारों से जोड़ना नितांत आवश्यक है। उपस्थित श्रद्धालुओं ने जगतगुरु से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। धार्मिक अनुष्ठानों के समापन के पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। इस दौरान श्याम बैरागी, महावीर दास मनोहर दास, बद्री दास, विनोद , भगवान दास, संजय बैरागी सहित समाज के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही।

# खरगोन पुलिस ने बैटरी चोरी करने वाली 02 महिलाओं को किया गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

खरगोन। थाना जैतापुर पर बैटरी चोरी करने वाली 02 महिलाओ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है । 17.जनवरी.26 को थाना जैतापुर पर फरियादी निवासी कृष्णा कुंज कालोनी ने सूचना दी कि खंडवा रोड पर खड़ी उनकी जेसीबी में कोई अज्ञात व्यक्ति 02 नग जेसीबी की बैटरी कीमती लगभग 50,000/- रुपये की चुरा कर ले गया है । फरियादी की सूचना पर थाना जैतापुर पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 10/2026 धारा 305(ए) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया ।चोरी की घटना को संज्ञान में लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी जैतापुर उनि सुदर्शन कलोसिया के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन कर चोरी की घटना के खुलासे करने के लिए निर्देशित किया गया ।प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस टीम के द्वारा घटनास्थल पर आने जाने वाले सभी संभावित रास्तों के सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए व मुखबिरों को भी सक्रिय चोरी से जुडी जानकारी एकत्रित करने हेतु लगाया गया। परिणामस्वरूप पुलिस टीम को सीसीटीव्ही फुटेज में 02 महिलायें उक्त बैटरियों को ले जाती दिखाई दी । पुलिस टीम के द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज में दिख रही महिलाओं के बारे में जानकारी एकत्रित करने हेतु लगाया गया जिसमें गठित टीम को जानकारी मिली कि उक्त संदिग्ध महिलायें मगरिया फाटे पर डेरा लगा कर रह रही है । मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम को महिला पुलिसकर्मियों सहित रवाना किया गया एवं दोनों महिलाओं को अभिरक्षा में लिया गया जिनसे उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपना नाम अरुणा पति बबलू परिहार निवासी ग्राम नानाखेड़ा पंधाना जिला खंडवा हाल निवासी मगरिया फटा खरगोन एवं दूसरी महिला ने अपना नाम अरुणा पति बाबुराम लोंगे निवासी ग्राम नानाखेड़ा पंधाना जिला खंडवा हाल निवासी मगरिया फटा खरगोन का होना बताया । पुलिस टीम के द्वारा दोनों महिलाओं से बारीकी व मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर उन्होंने उक्त चोरी को करना स्वीकार किया गया ।पुलिस टीम के द्वारा दोनों महिलाओं के कब्जे से उक्त चोरी हुई दोनों जेसीबी की बैटरी कीमती लगभग 50,000/- रुपये को नियमानुसार विधिवत जप्त कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उपखंड कार्यालय का घेराव

चमकता राजस्थान

**शकील खान/शाहपुरा।** उपखंड कार्यालय के सामने आज सियासी तूफान देखने को मिला, जब भाजपा पर लोकतंत्र से खिलवाड़ का गंभीर आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता धरने पर शाहपुरा उपखंड कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गये...

कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा आलाकमान के इशारों पर शाहपुरा में सुनियोजित साजिश रची जा रही है, जिसके तहत कांग्रेस से जुड़े सैकड़ों मतदाताओं के नाम



फर्जी तरीके से फॉर्म-7 भरवाकर मतदाता सूची से हटवाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कथित लोकतंत्र विरोधी कार्रवाई के खिलाफ ब्लॉक अध्यक्ष नाथूलाल सैनी व नगर अध्यक्ष मुकेश खुडानिया के नेतृत्व में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपखंड कार्यालय का घेराव करते हुए जमकर नारेबाजी की। ''लोकतंत्र बचाओ-भाजपा जवाब दो'' के नारों से पूरा इलाका गूंज उठा। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि नाम कटौती की साजिश तुरंत नहीं रोकी गई और निष्पक्ष जांच नहीं हुई, तो आंदोलन को जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक और तेज किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भूपेंद्र सिंह राठौड़ बने करणी सेना मणिपुर के प्रदेश प्रभारी



**चमकता राजस्थान/मनीष मिश्रा / अलवर।** अलवर निवासी एवं करणी सेना के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेंद्र सिंह राठौड़ को करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह अम्मू की अनुशंसा पर संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने करणी सेना मणिपुर का प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन में इस नियुक्ति को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। घोषणा के बाद अलवर सहित प्रदेशभर में करणी सेना के कार्यकर्ताओं में खुशी मनाई। अलवर के करणी सैनिकों ने राठौड़ से मुलाकात कर उनका स्वागत किया और बधाई दी। करणी सेना के वरिष्ठ पदाधिकारियों का कहना है कि राठौड़ संगठन के प्रति निष्ठा, अनुशासन और संघर्षशीलता के लिए जाने जाते हैं। उनके नेतृत्व में मणिपुर में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा समाजसेवा व राष्ट्रहित के कार्यों को नई गति मिलेगी।

अपनी नियुक्ति पर राठौड़ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल सिंह अम्मू और शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मणिपुर में करणी सेना को मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए निरंतर कार्य करेंगे। अलवर के करणी सैनिकों ने इसे संगठन और समाज के लिए गौरव का क्षण बताते हुए राठौड़ के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

### पुष्पेन्द्र सागोरे जी को मिला प्रदेश का दायित्व



**चमकता राजस्थान/खरगोन।** संत रविदास समाज के युवा समाजसेवी गरीबों के मसीहा हमेशा गरीबों कि मदद करने वाले हिम्मतवाले निडर व्यक्तित्व साफ स्वच्छ छवि विनम्र व्यवहार हंसमुख मिलनसार के धनी शोषित वंचित पीड़ित परिवारों के साथ उनके हक अधिकारों कि लड़ाई लड़ने वाले न्याय दिलाने वाले भगवान- संत शिरोमणी रविदास जी के शिष्य भक्त पुष्पेन्द्र सागोरे जी को मिला अखिल भारतीय बलाई महासंघ प्रदेश सचिव का दायित्व दायित्व मिलते ही समाज जनों में नई उमंग ऊर्जा देखने को मिली है कि हमारे युवा भाई युवा साथी को चुना गया है प्रदेश के लिए दायित्व मिलते ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय बलाई महासंघ मनोज परमार जी का प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय भाई साहब सुरेंद्र पवार जी का पुष्पेन्द्र सागोरे जी के द्वारा धन्यवाद व्यक्त किया गया साथ में कहा सभी परिवारजनों समाजजनों वरिष्ठजनों अधिकारियों कर्मचारियों कभी भी याद करे किसी भी प्रॉब्लम में निराकरण बिना पैसे में दिया जाएगा।

### इंडियन पोटाश लिमिटेड जयपुर द्वारा किसान मेले में किसानों को संतुलित खाद की जानकारी दी



**चमकता राजस्थान/गोपाल सिलोरिया/करावन झालावाड़।** इंडियन पोटाश लिमिटेड जयपुर द्वारा किसान मेले में किसानों को संतुलित खाद की जानकारी दी।दिनांक 18-19 जनवरी 2026 को सवाई माधोपुर जिले में दशहरा मैदान में किसान मेला एवं अमरूद महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 15000 किसानों ने भाग लिया। किसान मेले मुख्य अतिथि के रूप में माननीय श्रीमान ओम बिरला (लोकसभा अध्यक्ष) एवं अध्यक्षता श्रीमान डॉक्टर किरोडी लाल मीना (कृषि मंत्री राजस्थान) सरकार द्वारा की गई। इस मेले में लगभग 240 स्टॉल लगाई गई जिसमें किसी संसाधन कृषि विभाग उद्यान, ऋछड, एवं, फर्टिलाइजर एवं पेस्टिसाइड कंपनी,पशुपालन विभाग एवं अन्य विभागों में हिस्सा लिया। इस मेले में इंडियन पोटाश लिमिटेड का स्टाल किसानों के आकर्षण का केंद्र रहा। जहां पर किसानों को संतुलित खाद एवं उर्वरकों के प्रयोग की जानकारी दी गई।कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारी अमित कुमार द्वा-रा किसानों को पोटाश खाद का महत्व बताया गया एवं किसानों को सम्मानित किया गया।

### करौली में खटकड़ मोड पर आयोजित किसान सम्मेलन को किया संबोधित

# कांग्रेस ने राजस्थान में एसआईआर में हो रहे फर्जीवाड़े को लेकर किए बड़े खुलासे

चमकता राजस्थान





नई दिल्ली। कांग्रेस ने भाजपा और चुनाव आयोग के बीच मिलीभगत को उजागर करते गए राजस्थान में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर हो रहे फर्जीवाड़े को लेकर गंभीर खुलासे किए हैं।

कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा एसआईआर के नाम पर लोकतंत्र की हत्या व वोट चोरी करना चाहती है।

डोटासरा ने कहा कि एसआईआर के बाद जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में करीब 45 लाख लोगों को अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत्यु की श्रेणी में डाल दिया गया; इसके बाद 15 जनवरी तक आपत्तियां मांगी गई थीं।

उन्होंने कहा कि तीन जनवरी तक पूरी प्रक्रिया सामान्य रूप से चल रही थी। लेकिन तीन जनवरी को भाजपा के संगठन महासचिव बीएल संतोष के राजस्थान दौरे के बाद अचानक फर्जी तरीके से वोट जोड़ने और काटने का खेल शुरू हो गया। उन्होंने चुनाव आयोग की वेबसाइट के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भाजपा के 937 बीएलए ने 17 दिसंबर से 14 जनवरी के बीच 211 नाम जोड़ने और 5,694 वोट काटने के आवेदन दिए। वहीं कांग्रेस के 110 बीएलए ने 185 नाम जोड़ने और केवल दो नाम हटाने के आवेदन दिए।

राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अमित शाह के राजस्थान दौरे के दौरान तीन से 13 जनवरी के बीच गुप्त रूप से नाम काटने की प्रक्रिया तेज की गई। हर विधानसभा क्षेत्र में 10 से 15 हजार फर्जी कंप्यूटरीकृत फॉर्म प्रिंट कराए गए, जिन पर बीएलए के फर्जी हस्ताक्षर किए गए। 13, 14 और 15 तारीख को हर विधानसभा क्षेत्र में हजारों फॉर्म देकर नाम काटे जाने का आंकड़ा है। यह काम विशेष रूप से उन विधानसभा क्षेत्रों को चिन्हित कर किया गया, जहां कांग्रेस पार्टी चुनाव जीती थी। उन्होंने कहा कि 2002 की वोटर लिस्ट से मैपिंग हो जाने के बाद मतदाताओं का नाम काटने का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में हालात ये हैं कि भाजपा के विधायकों और मंत्रियों ने खुद ही नाम काटने के हजारों फॉर्म एसडीएम के पास जमा करवा दिए।

डोटासरा के अनुसार भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलकर कांग्रेस की विचारधारा के लोगों का नाम काटने के लिए अंतिम तारीख को आगे बढ़ाया। कुछ विधानसभा क्षेत्रों में एक ही दिन में नाम काटने के लिए हजारों फॉर्म-7 जमा किए गए। झुंझुनू में 13,882, मंडावा में 16,276, उदयपुरवाटी में 1,241 और खेतड़ी में 1,478 फॉर्म जमा हुए। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी तक करीब 1.40 लाख नाम रजिस्टर भी करवा लिए गए हैं।

डोटासरा ने चुनाव आयोग के नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ड्राफ़्ट सूची प्रकाशित होने के बाद एक बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) एक दिन में अधिकतम दस फॉर्म ही दे सकता है, लेकिन इसके बावजूद हजारों फॉर्म स्वीकार किए गए। उन्होंने बताया कि भाजपा के कई बीएलए मीडिया के सामने आकर कह चुके हैं कि उन्होंने फॉर्म जमा नहीं करवाए, उनके हस्ताक्षर फर्जी हैं।

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि बूथ लेवल अधिकारियों पर दबाव बनाया गया, उन्हें डराया-धमकाया गया और जो नहीं माने, उनके ट्रांसफर कर दिए गए।

वहीं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि अगर भाजपा इसी तरह लोकतंत्र पर हमला करती रही, तो चुनाव कराने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा।

कांग्रेस नेता ने तंज कसते हुए कहा कि राजस्थान में एसआईआर नहीं बल्कि सीवीआर यानी कांग्रेस वोटर रिमूवल चल रहा है। उन्होंने आंकड़े सामने रखते हुए बताया कि 16 जनवरी को भाजपा के 2,133 लोगों ने 291 नाम जोड़ने और 18,896 नाम काटने के आवेदन दिए। उन्होंने चुनाव आयोग और सर्वोच्च न्यायालय से मांग की कि राज्य में जमा हुए सभी फॉर्म्स की फ़ॉरेंसिक जांच कराई जाए, यह पता लगाया जाए कि ये फॉर्म कहां छपे, किसने और कैसे इन्हें असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर्स के कार्यालयों तक पहुंचाया गया।

करौली में खटकड़ मोड पर आयोजित किसान सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासराऔर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने संबोधित किया।

## विराट हिन्दू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब कलश ओर शोभायात्रा में गूंजा जय श्री राम

चमकता राजस्थान



**उन्हेल नागेश्वर/गोवर्धन सिंह।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखंड क्षेत्र के चौमहला कस्बे में सकल हिंदू समाज की ओर से आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन ऐतिहासिक रहा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम जी एवं नमन जी वैष्णव का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। वहीं महिला उत्थान समिति झालावाड़ की डॉ. अचला नागर ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर मातृशक्ति का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में निकली भव्य कलश यात्रा और शोभायात्रा ने कस्बे को भक्ति के रंग में सरोबार कर दिया।

» 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ निकली भव्य शोभायात्रा

यात्रा का शुभारंभ नीचे मंडी स्थित सत्यनारायण मंदिर से हुआ। डीजे, ढोल और बैंडबाजों के साथ शुरू हुई इस यात्रा में क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम जी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों का सान्निध्य पाकर युवाओं में भारी जोश देखा गया। दुर्गावाहिनी की ओर से निकाली गई महापुरुषों और भारत माता की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। डॉ. अचला नागर के नेतृत्व में महिला उत्थान समिति और स्थानीय मातृशक्ति ने कलश यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

» पुष्पवर्षा से स्वागत, भजनों पर थिरके श्रद्धालु

मुख्य मार्गों से होती हुई यह यात्रा श्रीराम फैक्ट्री पहुंची। मार्ग में जगह-जगह राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर अतिथियों और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। भगवा ध्वज लहराते पुरुषों और कलश धारण किए महिलाओं के संगम ने आस्था का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नमन वैष्णव ने समाज की एकजुटता पर बल दिया।

## पिपलिया खुर्द के स्टूडेंट् पुलिस कैडेट एक दिवसीय भ्रमण पर रवाना

चमकता राजस्थान



**डग-19 जनवरी (कुन्दन व्यास)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पिपलिया खुर्द के स्टूडेंट पुलिस कैडेट में सम्मिलित कक्षा 8 व 9 को पुलिस थाना डग एवं तहसील डग के लिए छात्र छात्राओं को प्रधानाचार्य अनीता कुमारी एवं यात्रा प्रभारी भंवर सिंह मीणा के द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ से बापुलाल लोधा,शिवलाल शर्मा,हितेश पंचारिया आदि उपस्थित रहे।

इस भ्रमण का उद्देश्य यह है कि छात्र जिम्मेदार नागरिक,अनुशासित कानून का पालन करने वाले नागरिक के रूप में विकसित हो सकेंगे।

## अपना घर आश्रम तीर्थ वंदना एवं प्रभु दर्शन के लिए बस रवाना



**चमकता राजस्थान/ मनोज खत्री/जिला ब्यूरो चीफ डीग।** आज दिनांक 19 जनवरी 2026 को अपना घर सेवा समिति महिला इकाई कामा द्वारा अध्यक्ष सुधा जैन एवं मंत्री ललिता तमोलिया के नेतृत्व में एक यात्री बस अपना घर आश्रम बझेरा के लिए प्रभु जी के दर्शन एवं वंदना के लिए रवाना की गई। महिला इकाई की मंत्री ललिता तमोलिया ने बताया की अपना घर आश्रम एक ऐसा तीर्थ है जहां साक्षात जीवित प्रभु जी निवास करते हैं एवं दर्शन करने को मिलते हैं एवं वहां साक्षात प्रभु जी की सेवा की जाती है। अपना घर आश्रम भरतपुर के पास बझेरा नामक गांव में स्थित है जहां करीब 6500 प्रभु जी आवासित हैं जिनके लिए सुबह चाय नाश्ते खाना रहने व वस्त्र आदि की समुचित व्यवस्था बड़े ही अच्छे प्रकार से की जाती है हम सभी को अपने जीवन में अपना घर आश्रम जैसे तीर्थ का अवलोकन अवश्य करना चाहिए एवं यथासंभव सेवा भी करनी चाहिए।

इस अवसर पर महिला इकाई की सभी सदस्य महिलाओं के साथ सुधा जैन (पहाड़ी वाली) जायंट्स ग्रुप ऑफ महिला की अध्यक्ष लता तमोलिया सुधा तमोलिया व अन्य महिला भी रवाना हुई तथा सहयोगी के रूप में श्री उमाशंकर शर्मा सुरेश सोनी राजेश तमोलिया राधा शरण शर्मा व अन्य बंधु भी साथ में रवाना हुए।

## माली,सैनी, शाक्य, मौर्य, कुशवाह समाज आरक्षण समिति ने सीएम के नाम दिया ज्ञापन



**चमकता राजस्थान/भरतपुर। ब्यूरो चीफ श्याम सुन्दर वर्मन।** बयाना में सैनी, माली, कुशवाह और मौर्य समाज की आरक्षण संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार वैशाली धाकड़ को सौंपा। इसमें समाज की 11 सूत्रीय मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की गई। समिति ने चेतावनी दी कि 25 फरवरी तक मांगें स्वीकार नहीं होने पर प्रदेशभर में जन आंदोलन कर विधानसभा का घेराव किया जाएगा। पदाधिकारियों ने बताया कि माली, सैनी, कुशवाह, मौर्य, सुमन और शाक्य समाज लंबे समय से आरक्षण व अन्य मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। ज्ञापन में प्रमुख मांग के रूप में सैनी, माली, कुशवाह, मौर्य और सुमन समाज को अलग से 12 प्रतिशत आरक्षण देने, महात्मा फुले बोर्ड को देवनारायण बोर्ड की तर्ज पर अधिकार देने और उसके पदाधिकारियों की नियुक्ति करने की मांग शामिल है। इसके अलावा आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमे वापस लेने सहित अन्य मांगें भी रखी गई हैं। इस अवसर पर डीसी नम्बरदार, मुकुल शैलेन्द्र, सागर नरेन्द्र, हिमांशु, जयप्रकाश और एनएसयूआई जिला सचिव चंद्रशेखर सैनी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## वैष्णव बैरागी समाज प्रथम चौमालीसा संस्थान केकड़ी की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न

चमकता राजस्थान



**विजय वैष्णव / केकड़ी।** वैष्णव बैरागी समाज प्रथम चौमालीसा संस्थान केकड़ी की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को ब्राह्मणी माता मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ संरक्षक जगदीश प्रसाद वैष्णव (बघेरा) ने की।

बैठक की शुरुआत संस्थान के सचिव राधाकृष्ण वैष्णव द्वारा पिछली बैठक के एजेंडे के वाचन से हुई, जिसके बाद लिए गए प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि रविवार को संस्थान से जुड़े विभिन्न गांवों में चंदा संग्रह किया जाएगा तथा चौमालीसा संस्थान द्वितीय द्वारा आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन में सहयोग राशि 51000/रू प्रदान की जाएगी।

इसके साथ ही संस्थान द्वारा कराए गए प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय की जांच हेतु ऑडिट टीम का गठन किया गया। यह ऑडिट टीम 25 जनवरी 2026 को ऑडिट पूर्ण कर रिपोर्ट संस्था के पदाधिकारियों को सौंपेगी।

बैठक में कोषाध्यक्ष प्रकाश वैष्णव (केकड़ी) ने संस्थान की आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि वैष्णव बैरागी समाज 44 सा प्रथम चौमालीसा संस्थान के चुनाव 15 फरवरी 2025 को जूनिया हलोला बालाजी में आयोजित बैठक में संपन्न कराए जाएंगे।

इस अवसर पर वैष्णव युवा प्रतिनिधि हनुमान प्रसाद वैष्णव ने समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने, सामाजिक एकता मजबूत करने तथा शिक्षा को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

बैठक के अंत में संरक्षक एवं अध्यक्ष जगदीश प्रसाद वैष्णव ने सभी समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया।

बैठक में चतुर्भुज वैष्णव तसवारिया, संस्थान के अध्यक्ष प्रहलाद दास रामपुरा, हीरा दास वैष्णव बिजवाड़, सीताराम दास जूनिया रामराज जी,किशनपुरा, पोखरदास,सलारी राधाकिशन वैष्णव, राधेश्याम वैष्णव जूनिया प्रभुदयालजुनिया, सत्यनारायण वैष्णव, गिरधर वैष्णव छाबड़िया, नंदकिशोर वैष्णव केलाश वैष्णव तसवारिया रामअवतार तसवारीया नन्दकिशोरवैष्णवतसवारीया(बघेरा), सतीश वैष्णव खिड़की गेट, बनवारी वैष्णव सलारी, जगदीश प्रसाद वैष्णव छाबड़िया, प्रदीप कुमार वैष्णव बघेरा, पप्पु जी छाबडिया आत्माराम बिजवाड़,लक्ष्मण वैष्णव नारायण जी वैष्णव मेवदा उमाशंकर वैष्णव चोसला कोलोनी सहित सैकड़ों समाजबंधु उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929